



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 37 अंक 147 | कोरबा, गुरुवार, दिनांक 26 फरवरी 2026 डाक 27 फरवरी 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने महाराष्ट्र के बुलढाणा में 'राष्ट्रीय आरोग्य मेला 2026' का उद्घाटन किया।


**देश-विदेश**
ओडिशा के कंधमाल में इनामी नक्सली अन्वेश की सरेंडर से पहले हत्या, 22 लाख रुपए का था इनामी


**फीचर पेज**
वजन घटाने की कोशिश करने के बावजूद नहीं हो रहा फायदा? हो सकते हैं ये कारण


### पीएम कार्नी के दिल्ली दौरे से पहले आया बड़ा बयान

## कनाडा में अपराधों से भारत का लेना-देना नहीं



**नईदिल्ली 26 फरवरी [एजेंसी]।**

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की भारत यात्रा से ठीक पहले ओटावा के कूटनीतिक रुख में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। कनाडाई अधिकारी भारत के साथ व्यापारिक संबंधों को प्राथमिकता दे रहे हैं। दरअसल, पिछले कुछ्थ सालों से भारतीय हस्तक्षेप और अंतरराष्ट्रीय दमन के गंभीर आरोपों के कारण दोनों देशों के बीच पैदा हुई कड़वाहट को पीछे छोड़ते हुए, अब कनाडाई अधिकारी व्यापारिक चर्चा के साथ आर्थिक साझेदारी को फिर से पटरी पर लाने के लिए बातचीत को प्रथमिकता दे रहे हैं। एक कनाडाई अधिकारी ने कहा, इन मुद्दों पर भारत सरकार के साथ हमारी परिपक्व और ठोस चर्चा होती है, और विदेशी हस्तक्षेप से बचने के लिए हमारे पास मजबूत सुरक्षा उपाय मौजूद हैं। कनाडा के पीएम कार्नी की भारत यात्रा का उद्देश्य वर्षों से चली आ रही राजनयिक परेशानियों के बाद नई दिल्ली के साथ व्यापारिक संबंधों को मजबूत करना है। कार्नी के भारत आने से पहले वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने कथित तौर पर मीडिया को बताया कि यदि सरकार को लगता कि भारत कनाडा की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से हस्तक्षेप कर रहा है, तो कनाडा के प्रधानमंत्री संभवतः भारत यात्रा नहीं करते। रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने यह स्पष्ट नहीं किया कि ओटावा ने अपना रुख कब बदलने का फैसला किया, लेकिन उन्होंने कहा कि भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के साथ वरिष्ठ अधिकारियों, मंत्री स्तरीय और नेता स्तरीय स्तर पर व्यवस्थित रूप से बातचीत की गई है। हमारे पास आगे की सार्थक चर्चा के लिए आधार मौजूद है। एक अन्य अधिकारी ने भी इस बात पर जोर दिया कि कनाडा अपने आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करता। उन्होंने कहा कि अगर ओटावा को लगता कि भारतीय सरकार द्वारा विदेशी हस्तक्षेप जारी है, तो मुझे नहीं लगता कि हमारे पीएम भारत यात्रा पर जाते।टोरंटो स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक, कनाडा के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कनाडा में भारत का कनाडा में होने वाले हिंसक अपराधों से कोई लेना-देना नहीं है। यह बयान ऐसे समय में आया है, जब प्रधानमंत्री मार्क कार्नी आज यानी गुरुवार को भारत दौरे पर आ रहे हैं।

गौरतलब है कि कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी आज भारत यात्रा से शुरू करते हुए हिंद-प्रशांत क्षेत्र के दौरे पर जा रहे हैं। इस दौरे का उद्देश्य व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने और बिगड़े संबंधों को सुधारने के प्रयासों को गति देना है। कार्नी की यह यात्रा भारत के साथ आर्थिक संबंधों को गहरा करने के प्रयासों के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है।

## जबरन कब्जे वाले इलाके खाली करो, पीओके पर भारत की पाकिस्तान को फटकार, सुनाई खरी-खरी

**नई दिल्ली 26 फरवरी।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 61वें सत्र में भारत ने पाकिस्तान पर तीखा हमला बोला है। 25 फरवरी को हाई-लेवल सेगमेंट में भारत की ओर से राइट टू रिप्लाई का इस्तेमाल करते हुए भारतीय डिप्लोमैट अनुपमा सिंह ने पाकिस्तान और इस्लामिक सहयोग संगठन के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान लगातार झूठी प्रोपगैंडा फैला रहा है और अब तो उसकी ईर्ष्या साफ झलक रही है। भारत ने साफ कहा कि जम्मू-कश्मीर हमेशा से भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहा है, है और रहेगा। अनुपमा सिंह ने जोर देकर कहा कि 1947 में जम्मू-कश्मीर का भारत में विलय पूरी तरह कानूनी और अपरिवर्तनीय था, जो भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम और अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक हुआ। उन्होंने



पाकिस्तान से अपील की कि वह भारत के उन इलाकों को खाली करे जो उसके अवैध कब्जे में हैं। OIC को एक सदस्य देश का इको चैंबर बनने के लिए भी आड़े हाथों लिया गया। अनुपमा सिंह ने जम्मू-कश्मीर में हो रहे विकास का जिक्र करते हुए कहा कि अगर चिनाब रेल ब्रिज, जो दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज है और पिछले साल इसका उद्घाटन हुआ, फेक है तो पाकिस्तान या तो भ्रम में है या ला ला लैंड में जी रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 जून 2025 को इस ब्रिज का उद्घाटन किया था, जो चिनाब नदी के ऊपर 359 मीटर की ऊंचाई पर बना है और एफिल टावर से भी 35 मीटर ऊंचा है। यह ब्रिज कश्मीर को भारत की रेल नेटवर्क से जोड़ने में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि जम्मू-कश्मीर का विकास बजट हाल ही में पाकिस्तान की ओर से IMF से मांगे गए बेलआउट पैकेज से दोगुना से ज्यादा है।

इससे साफ दिखता है कि जम्मू-कश्मीर में कितनी तेजी से विकास हो रहा है, जबकि पाकिस्तान आर्थिक संकट से जूझ रहा है। पाकिस्तान की ओर से लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं पर सवाल उठाने पर अनुपमा सिंह ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि ऐसे देश से लोकतंत्र पर लेक्चर सुनना मुश्किल है जहां सिविलियन सरकारें शायद ही कभी अपना पूरा कार्यकाल पूरा कर पाती हैं। जम्मू-कश्मीर में हाल के आम और विधानसभा चुनावों में भारी मतदान हुआ, जिससे साफ है कि वहां के लोग आतंकवाद और हिंसा की विचारधारा को ठुकरा चुके हैं और विकास के रास्ते पर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोग अब शांति और प्रगति चाहते हैं और चुनावी भागीदारी इसका सबूत है।

## पुरानी दिल्ली को लटकते तारों से मिलेगी मुक्ति मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया परियोजना का शुभारंभ



**नई दिल्ली।** दशकों तक मांग और इंतजार के बाद पुरानी दिल्ली को लटकते तारों से निजात मिलने जा रही है। दिल्ली सरकार की ओर से शुरू की गई परियोजना से यह समस्या खत्म हो जाएगी। टाउन हाल के सामने कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने परियोजना का शुभारंभ किया। जिसके तहत किनारी बाजार, धर्मपुरा, नई सड़क व कूचा महाजनी समेत पुरानी दिल्ली की 26 गलियों, सड़कों से गुजर रहीं तारें भूमिगत की जाएंगी। इसके लिए दिल्ली सरकार ने 159.47 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया है। दो से तीन साल में पुरानी दिल्ली के सभी तारों को भूमिगत करने का लक्ष्य है।

## माफी मांगने से काम नहीं चलेगा, इसके पीछे कौन है किताब विवाद पर SC ने फिर लगाई NCERT को फटकार

**नई दिल्ली 26 फरवरी।** सुप्रीम कोर्ट NCERT क्लास 8 की टेक्स्ट बुक के चैप्टर न्यायपालिका में भ्रष्टाचार को लेकर लिए गए स्वत संज्ञान की सुनवाई जारी है। CJI सूर्यकांत, जस्टिस जे बागची और जस्टिस पंचोली की बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने एनसीआरटी डायेक्टर और शिक्षा सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

गौरतलब है कि CJI की नाराजगी जताने के बाद NCERT ने किताब वापस ले ली है। इसके साथ ही काउंसिल ने बिना शर्त माफी भी मांगी है। कोर्ट ने इस मामले पर सख्ती से पेश आ रही है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि ये न्यायपालिका की गरिमा को कम करने के लिए एक सोचा समझा कदम है। मैं न्यायपालिका का मुखिया होने के नाते जब तक संतुष्ट नहीं हो जाता है तब तक इस की सुनवाई जारी रहेगी। कोर्ट में सुनवाई के दौरान, NCERT की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, सबसे पहले, हम बिना शर्त माफी मांगते हैं। स्कूल एजुकेशन के सेक्रेटरी यहां हैं। इसपर सीजेआई ने कहा, उनके नोटिस में माफी का एक भी शब्द नहीं है। किसी ने मुझे भेजा था। जिस तरह से इस डायरेक्टर ने इसे बढ़ाने की कोशिश की है। मैंने सेक्रेटरी जनरल से पूछा कि क्या ऐसा पब्लिकेशन सच में हुआ था। बहुत जिम्मेदार अखबार ने छापा था, फिर भी इसमें गहरी साजिश है। सॉलिसिटर जनरल ने कहा, जिम्मेदार लोगों को आगे ऐसे काम में नहीं लाया जाएगा।

### बीजापुर के जंगलों में मुठभेड़

## सुरक्षाबलों ने दो नक्सलियों को किया ढेर



**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में गुरुवार सुबह सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए। सुरक्षाबलों द्वारा बीजापुर में इंद्रावती नदी के पास स्थित जंगलों में की गई कार्रवाई के बाद एसएलआर और एक इंसास राइफल सहित भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं। एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुरुवार सुबह इंद्रावती नदी के किनारे जंगल में गोलीबारी शुरू हुई, जब सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी।उन्होंने बताया कि बंदूकें शांत होने के बाद, वर्दी पहने दो नक्सलियों के शव, एक सेल्फ-लोडिंग राइफल, एक इंसास राइफल और एक 12-बोर राइफल मौके से बरामद की गईं। उन्होंने बताया कि सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है। केंद्र सरकार ने को खत्म करने के लिए इस साल 31 मार्च तक की डेडलाइन तय की है। गुरुवार सुबह हुई इस कार्रवाई के साथ, इस साल अब तक राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ों में कम से कम 25 माओवादी मारे जा चुके हैं। इससे पहले, 3 जनवरी को बस्तर क्षेत्र में दो मुठभेड़ों में 14 माओवादी मारे गए थे, जिसमें बीजापुर सहित सात जिले शामिल हैं।

## कोल्ड स्टोरेज में अमोनिया गैस रिसाव से मचा हड़कंप, इलाके में दहशत का माहौल



**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर के आइगिनिया इलाके में स्थित एक आलू गोदाम के कोल्ड स्टोरेज में देर रात अमोनिया गैस के रिसाव से अफरा-तफरी मच गई। यह घटना रात करीब 1 बजे की बताई जा रही है। गैस की तेज दुर्गंध फैलते ही आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। कई लोगों ने आंखों और नाक में जलन की शिकायत की। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद स्थिति पर काबू पाया। इस दौरान कोल्ड स्टोरेज में मरम्मत कार्य भी किया गया। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि गैस रिसाव कोल्ड स्टोरेज के रिफिल एरिया के पास हुआ। दमकल विभाग की दो गाड़ियों को मौके पर तैनात किया गया, जिन्होंने रिसाव के स्रोत की पहचान कर उसे नियंत्रित किया। एहतियातन कोल्ड स्टोरेज में काम कर रहे सभी कर्मचारियों को तुरंत बाहर निकाल लिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और क्षेत्र को घेराबंदी कर सुरक्षित किया। मरम्मत के बाद आसपास के इलाके में दुर्गंध कम हो गई, लेकिन कोल्ड स्टोरेज परिसर के अंदर गैस की गंध बनी रही, जिसके चलते प्रवेश पर रोक लगा दी गई।

पुलिस और दमकल विभाग ने आसपास के निवासियों को घरों के दरवाजे-खिड़कियां बंद रखने की सलाह दी। साथ ही इलाके से गुजरने वाले लोगों को मास्क पहनने और घटनास्थल के पास भीड़ न लगाने की अपील की गई। एक स्थानीय निवासी ने बताया कि रात करीब 12.45 बजे आग जैसी स्थिति दिखाई दी थी। दमकल विभाग के पहुंचने के बाद पानी का छिड़काव किया गया, लेकिन स्थिति गंभीर होने पर और दमकल गाड़ियां मंगानी पड़ीं।

## तमिलनाडु के पर्यटकों से भरी ट्रैवलर ट्रक से टकराई, एक की मौत, 19 घायल

**रोहतास, 26 फरवरी [एजेंसी]।**

दिल्ली-कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-19 पर गुरुवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हुआ। डेहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सुअरा गांव के समीप ट्रैवलर ने ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। वाहन में तमिलनाडु के 24 पर्यटक सवार थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक पर्यटक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद कुछ देर तक हाईवे पर अफरातफरी का माहौल रहा। पुलिस के अनुसार हादसे में 72 वर्षीय राजू एम (अब्राहम स्ट्रीट, कांचीपुरम, तमिलनाडु) की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। घटना में चालक सहित 19 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को नारायण मेडिकल कॉलेज अस्पताल, जमुहार में भर्ती कराया गया है। कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। डॉक्टरों की निगरानी में सभी का उपचार जारी है। घायल संजय पाल (वाराणसी) ने बताया कि पर्यटक वाराणसी से गया जा रहे थे। ट्रैवलर का नंबर यूपी 65 एनटी 5223 बताया गया है। सुबह करीब तीन बजे चालक सोनू पाल को झपकी आ गई। नींद आने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक से टकरा गया। टक्कर के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को ट्रैवलर से निकालकर तत्काल अस्पताल पहुंचाया। थानाध्यक्ष नितेश कुमार ने बताया कि मृतक और घायलों के स्वजनों को सूचना दे दी गई है। मृतक के परिजन चेन्नई से फ्लाइट द्वारा रवाना हो चुके हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेजा गया है। प्राथमिक जांच में चालक को नींद आना हादसे का कारण माना जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है।

### ट्रैक्टर की आमने-सामने से हुई भिड़ंत, दो पल्लेदारों की मौत

**फर्रुखाबाद।** मोहम्मदाबाद के गांव हरकमपुर से ग्रामीण आलू बेचने के लिए ट्रैक्टर ट्राली से फर्रुखाबाद सातनपुर मंडी आ रहे थे। बुधवार रात 12 बजे जब ट्रैक्टर इटावा बरेली हाइवे पर गांव मुरहास कन्हैया के पास पहुंचा, तभी सामने से आए ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने पर सामने से ट्रैक्टर की ट्राली खुलकर अलग हो गई। इस दौरान चालक ट्रैक्टर लेकर भाग गया। घटना में गांव हरकमपुर निवासी पल्लेदार 35 वर्षीय धीरू और दूसरी ट्राली पर बैठे जनपद हरदोई के कस्बा लोनार निवासी पल्लेदार सरनाम सिंह की मौत हो गई। गांव हरकमपुर निवासी दीपक गंभीर रूप से घायल हो गए।

## साध्वी रंजना और शिष्यों पर बदमाशों का हमला कार में भी तोड़फोड़, विहिप-बजरंग दल घेरा थाना



**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश की राजधानी के मिसरोद गांव में ओवरटेकिंग के विवाद को लेकर साध्वी रंजना और उनके शिष्यों से मारपीट हो गई। ये घटना बुधवार शाम की है। इसके साथ ही बदमाशों ने उनकी कार में भी तोड़फोड़ कर दी। शिष्यों ने कार चालक की चेन झपटने का आरोप भी लगाया है। शिकायत करने पर मिसरोद पुलिस ने छह घंटे तक कार्रवाई नहीं की। इस बात से गुस्साए विश्व हिंदू परिषद् और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मिसरोद थाना घेरकर धरना दिया। फिर देर रात पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार साध्वी रंजना कल शाम को सलैया में एक कार्यक्रम से अपने पेबल बे स्थित घर लौट रही थीं। उनकी कार में दो अन्य साध्वियां और एक शिष्य भी थे, वही कार चला रहे थे। शाम करीब 4.30 बजे कार जब मिसरोद गांव पहुंची तो सामने से एक कार आ रही थी।

रास्ता न होने के कारण साध्वी रंजना के चालक ने पहले सामने वाली कार के निकलने का इंतजार किया। इसी दौरान पीछे से कार सवार कुछ बदमाश लगातार उनकी कार को पीछे से टच कर रहे थे। चालक और एक अन्य साध्वी ने इसे लेकर कार चालकों को समझाइश दी तो वे कार से उतरकर गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद वे अभद्र व्यवहार करने लगे। साध्वी रंजना व उनके शिष्य ने समझाया तो बदमाशों ने उनसे मारपीट शुरू कर दी।

### सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि पर किया नमन

**रायपुर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि पर नमन किया। सांसद अग्रवाल ने कहा, ओजस्वी क्रांतिकारी एवं तेजस्वी विचारक, स्वातंर्त्यवीर विनायक दामोदर सावरकर जी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। सावरकर जी का संपूर्ण जीवन मातृभूमि की मुक्ति और हिंदू राष्ट्र के उत्थान के लिए समर्पित रहा। अंडमान की कालकोठरी की कठोर यातनाएं भी उनके फौलादी इरादों को डिगा नहीं सकीं। सावरकर जी की त्याग और तपस्या हर भारतीय के हृदय में राष्ट्रवाद की अलख जगाती रहेगी।

**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## ब्राजील में भीषण बाढ़ से हाहाकार, अब तक 46 लोगों की मौत, विचलित कर रहा मंजर

**रियोडी जेनेरियो, 25 फरवरी [एजेंसी]।**



दक्षिण अमेरिकी देश ब्राजील में कुदरत का भयानक कहर देखने को मिल रहा है। दक्षिण-पूर्व ब्राजील में भीषण बाढ़ से लगातार मृतकों का आंकड़ा बढ़ रहा है। अब तक 46 लोगों की मौत हो गई। कई लोग लापता है, जिनको तलाश जारी है। वहीं सैकड़ों लोग अपने घरों को छोड़ने के लिए मजबूर है। दक्षिणपूर्वी ब्राजील के मिनास गेरैस राज्य में आई भीषण बाढ़ में लगातार मृतकों का आंकड़ा बढ़ रहा है। ब्राजील के दक्षिणी भाग में भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ से तबाही मचने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अगले कुछ दिनों में इस क्षेत्र में और अधिक बारिश होने की आशंका है। इधर, मिनास गेरैस राज्य में बचाव अभियान जारी है। बचाव कर्मचारी स्थिति पर काबू पाने के लिए कोशिश कर रहे हैं। बचाव अभियान पूरी तेजी से जारी है और घर व कस्बे कीचड़ और मलबे से ढके हुए हैं।

इससे पहले बुधवार को ब्राजील के अग्निशमन विभाग ने मृतकों की संशोधित संख्या प्रकाशित की और बताया कि लगभग 21 लोग अभी भी लापता हैं। राज्य अग्निशमन विभाग द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार ब्राजील के दक्षिणपूर्वी राज्य मिनास गेरैस में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है। दमकल विभाग ने बताया कि लगभग 110 किलोमीटर (68 मील) की दूरी पर स्थित जुइज डे फोरा और उबा शहरों में बाढ़ और भूस्खलन के कारण लगभग 3,600 लोग विस्थापित हो गए, जबकि 21 लोग अभी भी लापता हैं। मृतकों में 11 वर्षीय बर्नार्डो लोपेस दुत्रा भी शामिल था, जिसका घर बारिश के कारण ढह गया था। वहीं दुत्रा की पत्नी और बेटी अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। पिता रिकार्डो दुत्रा ने जुइज डी फोरा ने अंतिम संस्कार के दौरान कहा कि यह एक ऐसी त्रासदी है, जिसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। उन्होंने बर्नार्डो को एक बड़े दिल वाला लड़का बताया, जिसने अपने अनोखे अंदाज में अपने आस-पास के सभी लोगों को प्रभावित किया। इधर, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने मंगलवार को कहा कि सुरक्षा बलों को बचाव अभियान में लगाया गया है और वे बारिश से प्रभावित आबादी को तत्काल सहायता प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य देखभाल दल भी उस क्षेत्र में भेजे गए हैं, जो पहाड़ियों, घाटियों और ढलानों के निकट स्थित है।

## बजट में सभी को दी प्राथमिकता



**कोरबा।** व्यवसाई व रेल संघर्ष समिति के सदस्य अंकित सावलानी ने बजट को लेकर कहा कि व्यवसाय के अलावा बाकी सबको प्राथमिकता दी गई।

व्यवसायी को सीधे लाभ की उम्मीद इस बजट में थी, वह नहीं हुई। ऑनलाइन व्यवसाय से लोकल व्यवसायी परेशान है। राज्य सरकार को विशेष ध्यान देना था। जितने खर्चे लोकल व्यापारी पर लागू है, उतने ऑनलाइन पर नहीं। व्यसाय को आगे बढ़ाने कम दर पर लोन की बात सालों से चली आ रही है, बजट में इस पर कुछ नही है। अंकित ने कहा कि रेल समस्याओं की वजह से कोरबा क्षेत्र के लोग परेशान है इसे दूर करने के लिए बजट में राहत की व्यवस्था शून्य है।

## बजट से खिलाड़ियों को होगा लाभः तारकेश

**कोरबा।** किक बॉक्सिंग संघ, छत्तीसगढ़ के राज्य कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा ने राज्य सरकार द्वारा बजट सत्र 2026-27 में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के लिए किए गए व्यापक प्रावधानों का स्वागत किया।



उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, मूलभूत खेल अधोसंरचना के विकास, खेल प्रशिक्षण भवन निर्माण, खेल अकादमियों के सुदृढ़ीकरण तथा खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए किए गए प्रावधान बेहतर हैं। खेल संघों एवं विभिन्न खेल संस्थाओं को दिए जाने वाले अनुदान से जमीनी स्तर पर खेल गतिविधियों को मजबूती मिलेगी।राज्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध होंगे। बस्तर व सरगुजा ओलंपिक के आयोजन किक बॉक्सिंग खिलाड़ियों को ऊंचाई देने का प्लेटफार्म बनेंगे। महिला खेल प्रतियोगिताओं के लिए अलग प्रावधान, राज्य खेल महोत्सव, राष्ट्रीय खेलों में सहभागिता, अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए समर्थन, तथा मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन मिशन जैसे कदम युवाओं में नई ऊर्जा का संचार करेंगे। सरकार ने खिलाड़ियों और खेल सेक्टर के बारे में बहुत अच्छा सोचा है। संगठन ने मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री का आभार माना।

## औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन अंतर्गत लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

**कोरबा।** औद्योगिक नीति 2014-19 के तहत औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य स्थायी पूंजी निवेश अनुदान से संबंधित लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में समिति के सदस्य के रूप में सहायक आयुक्त, वाणिज्यिक कर विभाग कोरबा वृत्त-1 तथा लीड बैंक अधिकारी उपस्थित रहे। समिति द्वारा समीक्षा के दौरान एक प्रकरण को अनुमोदित किया गया। इसके अतिरिक्त दूसरे प्रकरण में संबंधित इकाई को बकाया जीएसटी एवं लीज़ रेंट की राशि के भुगतान हेतु 10 दिवस का अतिरिक्त समय प्रदान करते हुए प्रकरण को पुनर्विचार हेतु रखा गया है। समिति ने स्पष्ट किया है कि निर्दिष्ट अवधि में बकाया राशि का भुगतान नहीं किए जाने पर उक्त प्रकरण निरस्त कर दिया जाएगा।

## अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए अधिसूचना जारी

**कोरबा।** सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर ने जानकारी दी है कि भारतीय सेना में भर्ती हेतु अग्निवीर भर्ती की अधिसूचना 13 फरवरी 2026 को जारी कर दी गई है, जो भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 13 फरवरी 2026 से प्रारंभ हो गई है और आवेदन करने की अंतिम तिथि 1 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। इस अधिसूचना के तहत अग्निवीर पुरुष (जनरल ड्यूटी), अग्निवीर तकनीकी, लिपिक/स्टोरकीपर, ट्रेडमेन दसवीं पास, ट्रेडमेन आठवीं पास, अग्निवीर महिला (सेना पुलिस), स्थायी कैडर नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस परीक्षा का आयोजन जुलाई/अगस्त 2026 में प्रस्तावित है।उम्मीदवार किसी भी प्रकार की जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निकट स्थित सेना भर्ती कार्यालय, नया रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212 और 0771-2965214 पर संपर्क कर सकते हैं। भारतीय सेना में चयन की संपूर्ण प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और योग्यता आधारित होती है। इसलिए अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी प्रकार के दलालों या बिचौलियों से सावधान रहें और स्वयं को भ्रमित न होने दें।

## टेलरिंग के व्यवसाय में पूजा देवांगन को मिला मजबूत आधार,

**कोरबा।** जिले की रहने वाली पूजा देवांगन आज आत्मनिर्भरता और नारी सशक्तिकरण की एक प्रेरणादायी मिसाल बन चुकी हैं। सिलाई-कढ़ाई के क्षेत्र में आगे बढ़ने की उनकी इच्छा ने उन्हें लाईवलीहुड कॉलेज कोरबा तक पहुँचाया, जहाँ से उनके जीवन में महत्वपूर्ण परिवर्तन की शुरुआत हुई। उन्होंने सबसे पहले टेलर दर्जी के बेसिक प्रशिक्षण में हिस्सा लिया। यह उनके लिए वह पहला अवसर था, जिसने आगे उनकी प्रगति को गति दी। सात दिवस का प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उन्हें चार हजार रुपये की स्टाइपेंड राशि और एक लाख रुपये तक का बिना गारंटर लोन प्राप्त हुआ, जिसके सहारे उन्होंने अपने छोटे व्यवसाय के काम को आगे बढ़ाना शुरू किया।



अपने कौशल को और निखारने के उद्देश्य से पूजा ने आगे एडवांस टेलर दर्जी प्रशिक्षण में प्रवेश लिया। पंद्रह दिवसीय इस प्रशिक्षण ने उन्हें आधुनिक तकनीकों, नए तरीकों से डिज़ाइन तैयार करने और उन्नत उपकरणों के उपयोग की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस दौरान उन्हें प्रतिदिन पाँच सौ रुपये के मान से कुल साढ़े सात हजार रुपये स्टाइपेंड और एक हजार रुपये यात्रा भत्ता भी मिला। साथ ही उन्हें दो लाख रुपये तक का बिना गारंटर ऋण स्वीकृत होने का लाभ भी प्राप्त हुआ, जिससे उनके बढ़ते व्यवसाय को मजबूत आधार मिला।धीरे-धीरे पूजा ने अपने हुनर को कार्य में बदलना शुरू किया और घर पर ही सिलाई का काम शुरू कर दिया। उनके परिश्रम, प्रशिक्षण से मिले आत्मविश्वास और वित्तीय सहायता ने मिलकर उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाया। आज पूजा अपने परिवार की मजबूती का आधार हैं और अपने व्यवसाय को विस्तार देने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। उनका यह सफर अनेक

# सटीक जानकारी के साथ जनगणना के कार्य को समय-सीमा में पूर्ण कराना हम सभी की जिम्मेदारी : कलेक्टर कुणाल दुदावत



**कोरबा।**भारत सरकार के निर्देशानुसार जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए जिले में जिला स्तरीय प्रशिक्षण का शुभारंभ आज से हो गया। प्रारंभिक सत्र को कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने संबोधित किया। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी अधिकारियों से कहा कि जनगणना अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, इसलिए इसे गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ सटीक जानकारी के आधार पर समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए।

कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि जनगणना कार्य से जुड़े सभी दिशा-निर्देश लिखित रूप में उपलब्ध हैं और प्रशिक्षण के दौरान चरणबद्ध तरीके से पूरी जानकारी दी जा रही है। जनगणना 2027 को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए प्रशिक्षण, डेटा संग्रहण और कलेक्शन सहित सभी प्रक्रियाओं के लिए तय समय-सीमा का पालन अनिवार्य है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जितना बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त होगा, फील्ड में कार्य उतना ही सहज और प्रभावी होगा। सभी से टीमवर्क के साथ कार्य करने और हर घर तक पहुँचकर सही एवं सटीक जानकारी दर्ज करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित इस प्रशिक्षण में कलेक्टर ने अधिकारियों को राष्ट्रीय प्रशिक्षक द्वारा दी जा रही जानकारी को गंभीरता से समझने पर जोर देते हुए कहा कि जनगणना के दौरान ऐप में जानकारी सही प्रविष्ट हो तथा फील्ड में सरपंच, सचिवों और ग्रामीणों तक यह जानकारी जरूर पहुँचे कि जनगणना से जुटाई गई जानकारी का किसी योजना की पात्रतादृअपात्रता से कोई लेना-देना नहीं है। इससे किसी की पात्रता निर्धारण नहीं होगा। जनगणना के दौरान संग्रहित किसी के व्यक्तिगत डेटा को बाहर किसी और को साझा भी नहीं किया जा सकता।

जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग ने भी सभी से आग्रह किया कि प्रशिक्षण में दी जा रही प्रत्येक जानकारी को ध्यानपूर्वक ग्रहण कर फील्ड में दक्षता के साथ लागू करें।

जनगणना निदेशालय के संयुक्त निदेशक एवं राष्ट्रीय प्रशिक्षक श्री अशोक मिश्रा ने अधिकारियों को जनगणना 2027 के प्रथम और द्वितीय चरण से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने जनगणना परिचय, जनगणना पदाधिकारियों की भूमिका एवं कानूनी प्रावधान, कोष प्रबंधन, जनशक्ति एवं प्रचार गतिविधियाँ, जनगणना की आधारभूत संरचना, प्रक्रियाएँ, अवधारणाएँ एवं परिभाषाएँ, सीएमएमएस मॉड्यूल तथा उपयोगकर्ता पंजीकरण सहित सभी महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी।

राष्ट्रीय प्रशिक्षक ने स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान संग्रहित किसी भी तथ्य को बाहर साझा नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि जनगणना के लिए प्रगणक हेतु अलग मोबाइल ऐप और आम नागरिकों के लिए अलग ऐप उपलब्ध होगा। प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे और मोबाइल ऐप में डेटा प्रविष्ट करेंगे। नागरिकों द्वारा मोबाइल ऐप में भरी गई जानकारी तब तक मान्य नहीं होगी, जब तक अधिकृत प्रगणक द्वारा उसका सत्यापन नहीं किया जाता।

उन्होंने यह भी बताया कि जनगणना 2027 के दौरान अधिकृत वेबसाइट पर क्षेत्रवार प्रगणकों की जानकारी-पता एवं मोबाइल नंबर सहित-उपलब्ध होगी। साथ ही एआई चैटबॉट के माध्यम से नागरिक अपनी शंकाओं का समाधान भी प्राप्त कर सकेंगे। छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण की जनगणना 1 मई से 30 मई 2026 तक संचालित होगी, जिस दौरान मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की जाएगी। संपूर्ण प्रक्रिया 28 फरवरी 2027 तक पूर्ण की जाएगी। राष्ट्रीय प्रशिक्षक ने फील्ड पर जानकारी एकत्र करने, इस दौरान आने वाली समस्याओं एवं उनके समाधान के विषय में भी जानकारी दी। उन्होंने जनगणना के दौरान मकान की गणना के लिए निर्धारित मापदंड, परिवार की परिभाषा, जनगणना के फायदे, मकानों में नम्बरिंग, चार्ज अधिकारियों के अधिकार व दायित्वों के बारे में बताया। जनगणना में मानव संसाधन के रूप में प्रगणक 2353, रिज़र्व 246, पर्यवेक्षक 402 तथा रिज़र्व 52, फील्ड ट्रेनर 53 की आवश्यकता होगी।

## आगामी नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु न्यायिक अधिकारियों की द्वितीय बैठक संपन्न



कोरबा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार 14 मार्च 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में जिला न्यायालय कोरबा, तहसील विधिक सेवा समितियाँ कटघोरा, करतला एवं पाली तथा समस्त राजस्व न्यायालयों में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा।आगामी लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, बैंक संबंधी मामलों, लिखत पराक्रम्य अधिनियम की धारा 138 से संबंधित प्रकरणों, वसूली के प्रकरणों, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों तथा अन्य व्यवहार वादों को शामिल किया जाएगा। विशेष रूप से पाँच से दस वर्ष से अधिक समय से लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर समझौता हेतु प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन की तैयारी के उद्देश्य से श्री संतोष शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा (छ.ग.) द्वारा न्यायिक अधिकारियों की द्वितीय बैठक जिला न्यायालय परिसर स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में आगामी लोक अदालत में अधिकतम प्रकरणों को शामिल करने तथा प्रभावी रूप से निराकरण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक में प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोरबा श्रीमती गरिमा शर्मा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.एस.सी.-पॉक्सो) कोरबा डॉ. ममता भोजवानी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.सी.) कोरबा सुश्री सीमा प्रताप चंद्रा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोरबा कु. मयुरा गुप्ता, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा श्री सत्यानंद प्रसाद, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा कु. डॉली ध्रुव, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कोरबा कु. कुमुदनी गर्ग तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के सचिव उपस्थित रहे।बैठक में यह निर्देशित किया गया कि आगामी नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक मामलों को सूचीबद्ध किया जाए तथा लंबित प्रकरणों के त्वरित और सौहार्दपूर्ण निराकरण के लिए आवश्यक कदम सुनिश्चित किए जाएँ, जिससे न्यायिक प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एवं सरल बनाया जा सके।

## अदाणी फाउंडेशन की सीएसआर पहल: उरगा में कोरबा पावर द्वारा 500 मीटर सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन



**कोरबा।** कोरबा जिले के ग्राम पंचायत उरगा में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में अदाणी फाउंडेशन ने एक और महत्वपूर्ण पहल की है। कोरबा पॉवर लिमिटेड के सामाजिक सहभागिता के मद से 500 मीटर लंबी सीमेंट कान्क्रीट (सीसी) सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन बुधवार को संपन्न हुआ।

इस सड़क के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में हो रही समस्याओं से राहत मिलने की उम्मीद है। विशेष रूप से बरसात के दौरान कीचड़ और जलभराव की परेशानी से निजात मिलेगी, जिससे ग्रामीणों की दैनिक गतिविधियां सुगम हो सकेंगी।

भूमिपूजन कार्यक्रम में ग्राम पंचायत उरगा की सरपंच श्रीमती ललिता समेलाल, उपसरपंच सनत दिवाकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामचंद्र पाटले एवं चंद्रकांता कृष्णा राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल को ग्रामीणों के लिए उपयोगी बताते हुए कंपनी के प्रयास की सराहना की।

कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों में पंच जीवन दास, रामलाल जगत, श्याम कार्तिक, सुभाष डहरिया, दिनेश अग्रवाल, धनेश्वर दास महंत, अनुसूईया कंवर एवं वचन बाई शामिल रहे। अडानी पावर के सीएसआर विभाग से पवन महतो, प्रीति प्रजापति, स्वप्निल कुमार और सुमित साहू मौजूद थे। इसके अलावा ग्राम सचिव भरत श्रीवास, करारोपण अधिकारी चतुरानंद तथा ग्रामवासी चंदन सिंह, हरिनाम सिंह, मेलाराम दिवाकर, विष्णु केवट, अंगत कंवर और रमेश कंवर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की शुरुआत पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पक्की सड़क बनने से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि इसी क्रम में बीते सप्ताह ग्राम कटबीतला में भी सामुदायिक मंच के लिए भूमि पूजन किया गया है। जिसमें सरपंच कविता अंचला कंवर, विजय कुँवर, संतकुमार राजवाड़े सहित पंचगण एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही।अदाणी पावर द्वारा कोरबा क्षेत्र के पताड़ी, सरगबुंदिया, ढनढनी, पहंदा, कटबीतला, खोद्दल सहित आसपास के 14 गांव में शिक्षा,स्वास्थ्य, अधोसंरचना विकास इत्यादि के कार्य संचालित कर रहा है । जिसमें 'कम्युनिटी फर्स्ट' की थीम के तहत समय-समय पर अपने संचालन क्षेत्रों में आधारभूत संरचना एवं सामुदायिक विकास के कार्य करती रही है व भविष्य में भी सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में सहयोग जारी रखेंगे।

## खेल,शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने,स्वच्छ और सुंदर शहर की दिशा में किया फोकस



**कोरबा।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने शहर को सुव्यवस्थित और आधुनिक बनाने के साथ ही खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने पीजी कॉलेज मैदान, इंदिरा स्टेडियम, यूपीएसी-पीएससी सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु प्रस्तावित नालंदा परिसर, तालाब का सौंदर्यीकरण, शहरवासियों के मनोरंजन हेतु मानिकपुर पोखरी का कायाकल्प, स्वच्छ पर्यावरण हेतु ऑक्सीजोन विकसित करने की दिशा में पहल करते हुए आज नगर निगम द्वारा संचालित विकास एवं अधोसंरचना संबंधी विभिन्न कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने महत्वपूर्ण स्थलों पर पहुंचकर प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य गुणवत्ता, पारदर्शिता और समय-सीमा के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री दुदावत ने शहर स्थित शासकीय इंजीनियर विश्वेश्वरैया पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज के खेल मैदान का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु एथलेटिक रनिंग ट्रैक, लघु इनडोर स्टेडियम तथा इनडोर कबड्डी कोर्ट विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रेणुबाला शर्मा से चर्चा करते हुए कहा कि खेल अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने का बेहतर अवसर मिलेगा। सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं, यह सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

पोड़ीबहार स्थित विकसित ऑक्सीजोन का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने वहां उपलब्ध पाथ-वे एवं अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को एमओयू के अनुरूप सुचारू संचालन सुनिश्चित करने तथा रख-रखाव की नियमित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं स्वास्थ्यवर्धक वातावरण मिल सके।

कलेक्टर श्री दुदावत ने मानिकपुर स्थित पोखरी का निरीक्षण कर इसके समग्र विकास एवं सौंदर्यीकरण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने एसईसीएल कोरबा को विस्तृत कार्ययोजना एवं प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मुड़ापार तालाब के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने इसके समुचित विकास के लिए पब्लिक-प्राइवेट-पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जिसके माध्यम से तालाब क्षेत्र को सुव्यवस्थित, स्वच्छ एवं आकर्षक स्वरूप दिया जा सकता है। राताखार स्थित मटन मार्केट का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बाजार को सुव्यवस्थित एवं स्वच्छ बनाने के लिए आवश्यक सुविधा विकसित करने हेतु विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं दोनों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

निरीक्षण के क्रम में कलेक्टर ने सर्वमंगला मंदिर स्थित गार्डन का अवलोकन किया। उन्होंने गार्डन के सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की सुविधाओं एवं हरित क्षेत्र के विस्तार हेतु समग्र प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह स्थल श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने, इस दिशा में योजनाबद्ध कार्य किया जाए। कलेक्टर श्री दुदावत ने टीपी नगर स्थित इंदिरा स्टेडियम का निरीक्षण करते हुए स्टेडियम परिसर एवं उससे संबंधित सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्टेडियम तथा राजीव गांधी ऑडिटोरियम के संपूर्ण नवीनीकरण (रेनोवेशन) के निर्देश दिए, ताकि इसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा सके। इसके अतिरिक्त प्रस्तावित नालंदा परिसर स्थल का अवलोकन कर उसके सुनियोजित विकास पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने स्टेडियम परिसर में हॉकी स्टेडियम एवं इनडोर स्टेडियम निर्माण की प्रक्रिया विकसित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य आधुनिक मानकों के अनुरूप, दीर्घकालिक उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए एवं उच्च गुणवत्ता के साथ किए जाएं।निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय, अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों ने किया खदान बंद का एलान

**कोरबा-गेवरा।** एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नरईबोध और मनगाँव के ग्रामीणों का धैर्य अब जवाब दे गया है कोयला खनन के कारण विस्थापित और प्रभावित हुए ग्रामीणों ने प्रबंधन की वादाखिलाफी के विरोध में 27 फरवरी 2026 से गेवरा खदान और पी.एन.सी. कंपनी के कार्य को अनिश्चितकालीन बंद करने का बड़ा ऐलान किया है ।मामला क्या है?- ग्रामीणों का आरोप है कि पी.एन.सी. कंपनी के कर्मचारियों द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के उनके पूर्वजों के मठों (धार्मिक स्थलों) को खोदकर फेंक दिया गया जिससे उनकी धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है इसके अलावा जमीन अधिग्रहण के बदले मिलने वाले वैकल्पिक रोजगार और उचित मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीण लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं ।प्रबंधन ने तोड़ा लिखित वादाउल्लेखनीय है कि पूर्व में 10 फरवरी को ग्रामीणों ने खदान बंद करने की चेतावनी दी थी उस दौरान 9 फरवरी को गेवरा प्रबंधन पी.एन.सी. कंपनी और ग्रामीणों के बीच एक उच्चस्तरीय बैठक हुई थी बैठक में प्रबंधन ने लिखित आश्वासन दिया था कि एक सप्ताह के भीतर पात्र ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा और मठों के मुआवजे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी ।

## लायन दर्शन अग्रवाल होगे गुरूकुल के अध्यक्ष

**कोरबा।** लायनिज्म परंपरानुसार प्रत्येक वर्ष नई कार्यकारिणी का चयन किया जाता हैं। जिसका कार्यकाल 01 जुलाई से 30 जून तक रहता है। फरवरी माह में आयोजित लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल के सामान्य सभा में आगामी सत्र 2026-27 हेतु नई कार्यकारिणी के निर्धारण पर चर्चा की गई। जिस पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी सत्र हेतु क्लब अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष के लिए क्रमशः लायन दर्शन अग्रवाल, लायन सुरेन्द्र कुमार डनसेना एवं लायन शोमा सोनी को मनोनित किया जाये।

साथ ही क्लब प्रथम उपाध्यक्ष हेतु लायन पार्वती दास, द्वितीय उपाध्यक्ष हेतु लायन सुभाष चंद अनंत, सह सचिव लायन अतुल साहू, टेल ट्विस्टर लायन ज्योति साहू, टेमर लायन मधुपाल, पी.आर.ओ. लायन मनोज गुप्ता, मेम्बरशीप चेयरपर्सन लायन प्रेमलता अग्रवाल, सर्विस चेयरपर्सन लायन आशीष अग्रवाल, एलसीआईएफ चेयरपर्सन एमजेएफ लायन पवन अग्रवाल रहेगे। साथ ही क्लब संचालक सदस्य के रूप में लायन नूतन राजवाड़े, लायन विकास अग्रवाल, लायन प्रीति अग्रवाल, लायन ओमप्रकाश अग्रवाल रहेगें। क्लब मार्गदर्शक के रूप में पूर्व प्रान्तपाल पीएमजेएफ लायन डॉ.राजकुमार अग्रवाल जी अपनी सेवायें क्लब को देगें।

क्लब मार्गदर्शक पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि लायनवादी परंपरानुसार सभी सदस्यो के आपसी चर्चा पर क्लब के आगामी नेतृत्वकर्ता का चयन किया जाता है, ताकि आगामी सत्र हेतु नई टीम पूर्व ही अपनी सेवा गतिविधियो की सूची बनाते हुये सेवा कार्यो की रूपरेखा का निर्धारण कर मानव सेवा में अपना योगदान दे सके। इस पर क्लब अध्यक्ष लायन सुरेन्द्र डनसेना ने लायन दर्शन अग्रवाल जी एवं उनकी टीम को अग्रिम बधाई प्रस्तुत की।

## प्रदेश की आकांक्षाओं का सशक्त प्रतिफल-पार्षद नरेंद्र देवांगन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रस्तुत 'संकल्प बजट 2026-27' को विकासोन्मुख, जनकेंद्रित और दूरदर्शी बताते हुए कोरबा के पार्षद नरेंद्र देवांगन ने इसे प्रदेश की सामूहिक आकांक्षाओं को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक दस्तावेज करार दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में तैयार यह बजट मात्र आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ को आत्मनिर्भर, समृद्ध और आधुनिक राज्य के रूप में स्थापित करने की ठोस कार्ययोजना है।



बजट में ग्रामीण और शहरी विकास के बीच संतुलन, पारंपरिक मूल्यों और आधुनिक तकनीक का समन्वय तथा सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक प्रगति का संतुलित दृष्टिकोण स्पष्ट दिखाई देता है।

# ईंट भट्ठों पर दी दबिश, संचालकों से वसूला 4 लाख से अधिक का जुर्माना

## खनिज विभाग की टीम ने दर्जन भर गांवों में चलाया अभियान

**सक्ती।** सक्ती जिले में खनिज विभाग की उडनदस्ता टीम ने अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठो में दबिश दी। इस दौरान अवैध रूप से चल रहे 14 भ?ट्ठो पर कार्रवाई करते हुए संचालकों से 4 लाख 61 हजार 410 रुपए की वसूली की गई है। साथ ही साथ 2 हाइवा वाहन को पुलिस अभिरक्षा के तहत चंद्रपुर थाने में रखा गया है। इस तरह हुई कार्रवाई से खनिज माफियाओं में हडकंप मचा हुआ है।

ज्ञात हो कि सक्ती में लगातार बिना अनुमति के ईट भट्ठा संचालन की जानकारी मिल रही थी।

जिले में खनिज विभाग की उडनदस्ता टीम ने अवैध रूप से संचालित ईंट भ?ट्ठो में दबिश दी। इस दौरान अवैध रूप से चल रहे 14 भ?ट्ठो पर कार्रवाई करते हुए संचालकों से 4 लाख 61 हजार 410 रुपए की वसूली की गई है। साथ ही साथ 2 हाइवा वाहन को पुलिस अभिरक्षा के तहत चंद्रपुर थाने में रखा गया है। अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में एवं खनिज अधिकारी के. के. बजारे के मार्गदर्शन में खनिज विभाग के उड़नदस्ता दल द्वारा जिला सक्ती के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध रूप



से निर्माण किए जा रहे ईंट पर कार्यवाही की गई।

कार्यवाही के दौरान ग्राम मंद्रागोढ़ी, सिंघनसरा, हरदी, बावनमुड़ी, डिक्सी, सिरली एवं सरायपाली में कुल 14 व्यक्तियों द्वारा ईंट निर्मित किया जाना पाया गया। जिस पर अलग-अलग भट्ठों में कार्यवाही करते हुए कुल 4 लाख 61 हजार 410 रुपये खनिज मद में जमा कराया गया है। इसी तरह चन्द्रपुर में 2 हाईवा निम्नश्रेणी चूनापत्थर का बिना अभिवहन पास परिवहन करते हुए पाए जाने पर पुलिस अभिरक्षा में थाना चन्द्रपुर में रखा गया है। कलेक्टर ने अमृत विकास ने 23 फरवरी को रात्रि कालीन भ्रमण के दौरान जिले के सभी क्षेत्रों में विशेष कर अवैध रेत उत्खनन पर निगरानी रखते हुए अलग-अलग क्षेत्रों में करही, मिरौनी, कलमा, राधापुर क्षेत्रों में निरीक्षण किया गया। उक्त स्थानों पर किसी प्रकार का अवैध चैन माउंटेन नहीं पाया गया। अवैध उत्खनन व परिवहन के प्रकरणों में

छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर अमृत विकास तोपनी के निर्देशन में खनिजों के अवैध उत्खनन व परिवहन एवं भण्डारण पर खनिज अमले के द्वारा सतत कार्यवाही की जा रही है। उल्लेखनीय है कि सक्ती जिले के दर्जन भर से अधिक गांवों में अवैध रूप से ईंट भट्ठों का संचालन किया जा रहा है। जिसके कारण ना केवल पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, बल्कि आने वाले लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। ईंट भ?ट्ठों का संचालन होने की वजह से आसपास पानी की कमी भी हो जाती है।

## सड़क दुर्घटना में स्वास्थ्य कर्मचारी एवं वाहन चालक की मौके पर हुई मौत

**जांजगीर-चांपा।** स्वास्थ्य विभाग की सरकारी बोलेरो गाड़ी ट्रेलर से जा टकराई। जिससे दो लोगों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि गाड़ी में तीन लोग सवार थे, जिसमें से मुख्य लिपिक घायल हुआ है, जबकि उसके एक रिश्तेदार और स्वास्थ्य विभाग के सरकारी वाहन चालक की मौत हुई है। घटना के संबंध में अस्पतालीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार 24 फरवरी को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में पदस्थ मुख्य लिपिक पुरूषोत्तम लाल साहू विभाग की शासकीय बोलेरो वाहन क्रमांक सीज 02 एयू 2665 को लेकर रायपुर जाने के लिए निकला था। बताया जाता है कि मुख्य लिपिक के साथ उसका रिश्तेदार भी सवार था। गाड़ी को शासकीय वाहन चालक सत्येन्द्र उपाध्याय चला रहा था। बताया जा रहा है कि सुबह करीब सवा 10 बजे नांदघाट के पास पहुंचे थे। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 49 पर उनकी गाड़ी ट्रेलर से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त रही कि बोलेरो का सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर चिपट गया। जिससे गाड़ी चला रहे सत्येन्द्र उपाध्याय मुख्य लिपिक पुरुषोत्तम लाल साहू और उसके रिश्तेदार रमेश साहू गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई, फिर लोगों की मदद से उन्हें गाड़ी से बाहर निकालकर नजदीकी अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने वाहन चालक सत्येन्द्र उपाध्याय और लिपिक के रिश्तेदार रमेश साहू को मृत घोषित कर दिया, जबकि लिपिक पुरूषोत्तम लाल साहू को उपचार के लिए भर्ती किया गया। बताया जाता है कि उसकी हालत भी गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग में हडकंप मच गया। दोपहर के वक्त शवों को जांजगीर लाया गया, जहां से परिजनों के सुपूर्द किया गया।

## कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों का होगा तबादला जिले से

**जांजगीर।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने जिले में तहसीलदार और नायब तहसीलदारों की प्रशासनिक आधार पर नई पदस्थापना के आदेश जारी किए। आदेश के तहत शशिभूषण सोनी को तहसीलदार अकलतरा से तहसीलदार बम्हनीडीह पदस्थ किया गया है, जबकि अविनाश चौहान को तहसीलदार बम्हनीडीह से तहसीलदार अकलतरा भेजा गया है। शालिनी तिवारी को अतिरिक्त तहसीलदार अकलतरा से अतिरिक्त तहसीलदार नवागढ़ पदस्थ किया गया है। महेंद्र लहरे को तहसीलदार पामगढ़ से तहसीलदार शिवरीनारायण, टिकेन्द्र नुरूटी को तहसीलदार शिवरीनारायण से तहसीलदार बलौदा और अमरनाथ श्याम को तहसीलदार बलौदा से तहसीलदार पामगढ़ पदस्थ किया गया है। इसके अलावा संजय बरेठ को नायब तहसीलदार शिवरीनारायण से तहसीलदार बम्हनीडीह पदस्थ किया गया है। चंद्रकुमार साहू को नायब तहसीलदार बम्हनीडीह से नायब तहसीलदार शिवरीनारायण भेजा गया है। सभी अधिकारियों को तुरंत नए पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## संविदा पद के लिए 5 मार्च कर सकते हैं दावा-आपत्ति

**जांजगीर।** पंचायत संचालनालय अंतर्गत राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत जिले में संविदा पदों जिला समन्वयक और संकाय सदस्य की भर्ती के लिए 15 जनवरी तक आवेदन मंगाए गए थे। चयन समिति द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच के बाद पात्र-अपात्र की अनंतिम सूची जारी कर दी गई है।

## आदेश का उल्लंघन: जिला बदर का अपराधी गिरफ्तार

**जांजगीर।** जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने पर मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम कोसा निवासी आदतन गुंडा गोरी उर्फ रोहित कुमार बर्मन (40 वर्ष) के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। आरोपी पर पहले से 14 प्रकरण लंबित हैं। जिला दंडाधिकारी जांजगीर-चांपा ने 11 नवंबर 2025 को गोरी उर्फ रोहित को एक वर्ष के लिए जांजगीर-चांपा, सक्ती, रायगढ़, सारंगढ़, बिलासपुर और बलौदा बाजार जिलों की राजस्व सीमाओं से जिला बदर किया था। इसके बावजूद पुलिस को सूचना मिली कि वह बिना अनुमति अपने गृह ग्राम कोसा में छिपकर रह रहा है और ग्रामीणों को डर-धमकी दे रहा है। सूचना के आधार पर मुलमुला थाना पुलिस ने आरोपी को उसके सकूनत के आसपास से गिरफ्तार किया। उसकी आदतन प्रवृत्ति और शांति भंग की आशंका को देखते हुए पुलिस ने उसे कार्यपालिक दंडाधिकारी पामगढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया।

## जनगणना की तैयारी: पहले मकानों की करेंगे गिनती

**जांजगीर।** जिले में आगामी जनगणना 2027 के प्रथम चरण यानी मकान सूचीकरण और मकानों की गणना के संचालन के लिए जिला पंचायत सभाकक्ष में अधिकारियों और कर्मचारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि प्रथम चरण में प्रत्येक मकान का सूचीकरण किया जाएगा और दूसरे चरण में प्रत्येक व्यक्ति की जनसांख्यिकीय जानकारी संकलित की जाएगी। मास्टर ट्रेनर ने एचएलबी क्रिएटर, लेआउट मानचित्र, सीएमएमएस डैशबोर्ड, आईडी कार्ड जारी करने की प्रक्रिया, लॉजिस्टिक्स, प्रिंटिंग और डेटा एंट्री मॉड्यूल, डेटा गोपनीयता और सुरक्षा के प्रावधान, मोबाइल और वेब ऐप के उपयोग, स्वगणना प्रक्रिया तथा पर्यवेक्षकों की भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी।


छ.ग.गृ.नि.मं.

**छ.ग.गृह निर्माण मंडल, वृत्त-बिलासपुर**

**निविदा आमंत्रण सूचना** वि.क्र.-14

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल वृत्त-बिलासपुर अन्तर्गत संभाग कोरबा में अटल विहार कालोनी उरगा, अटल विहार कालोनी झगरहा, अटल आवास जेंजरा एवं संभाग/प्रक्षेत्र कार्यालय कोरबा में रख-रखाव का कार्य हेतु द्वितीय ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधित विस्तृत विवरण मंडल वेबसाईट http://cghb.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, संभाग कोरबा के मो. नं. 9907285405 पर संपर्क करें।

एस-47004/3 उपायुक्त


## बाराद्वार में उप पंजीयक कार्यालय खुलेगा

**बाराद्वार।** प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 24 फरवरी को प्रस्तुत बजट में बाराद्वार में उप पंजीयक कार्यालय खोलने की घोषणा की। राज्य शासन ने नागरिकों को पंजीयन सेवाएं उनके नजदीक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया है। इससे आसपास के 52 गांव के लोगों को सुविधा होगी।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा ( छत्तीसगढ़ )**

**ई-प्रोक्यूरमेंट आरएफपी सूचना**

क्र.1495/ज.प्र./2026 दिनांक 29.02.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु शेड्यूल अनुसार लमसम दरों पर E-tendering के माध्यम से आर.एफ.पी. आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction, Testing, Commissioning of all the Components of Improvement to Korba Water Supply Scheme with 03 Months Trial Run and 09 Months O & M. (DMF Fund) (1st Call) | 2943.87 | 18.03.2026 **(T.No.185944)** |

उपरोक्त कार्यों की आरएफपी की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **http://eproc.cgstate.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट **www.korbamunicipal.in** एवं **www.korba.urbanecg.gov.in**पर भी देखी जा सकती है।

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//

**अधीक्षण अभियंता**
**नगर पालिक निगम कोरबा ( छत्तीसगढ़ )**

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

NO.021-10/PUBLICATION/ 924 Korba West, dtd. 24.02.2026

(e-Bidding) TENDER NOTICE No. 1395/2026.

**Online tenders** are invited from experienced & prospective Firms for the following Works/Supply :

| S. No. | Rfx No. | Particulars | Cost of tender doc. | E.M.D. (Rs.) | Last date of submission & opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rfx No. 8100049658 | Annual Service / Repairing contract of Window, Split Air conditioners & water cooler along with replacement of all spares at HTPS, CSPGCL, Korba West | 590/- | 12,845/- | 16.03.2026 |
| 2. | Rfx No. 8100049672 | Complete Concealed re-wiring work of 30 Nos. Old D-Type quarters of HTPS colony for EMD-II, PH-I of HTPS, Korba West | 590/- | 13,130/- | 17.03.2026 |

NOTE: - 1.Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website **https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal. 2. Quantity as per tender schedule.3.**Any Extension/ Corrigendum / Amendments if required, shall be displayed on our websites only.

S- 47009/3


## कार चोरी के मामले में पुलिस ने 5 को लिया रिमांड पर

**जांजगीर।** जांजगीर-चांपा जिले के अकलतरा थाना क्षेत्र से चोरी की इको कार से करोड़ों रुपए की ज्वेलरी लूट मामले में अंतरराज्यीय गिरोह के पांचों आरोपी अब जिले में पुलिस रिमांड पर हैं।

बिलासपुर पुलिस ने उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर से मुठभेड़ में उन्हें गिरफ्तार किया। ट्रांजिट रिमांड लेकर बिलासपुर लाया, फिर जांजगीर कोर्ट में पेश कर पूछताछ हेतु रिमांड लिया गया। गुरुवार को दोबारा कोर्ट पेशी होगी। ग्राम अमलीपाली निवासी दुष्यंत की 16 फरवरी रात चोरी इको कार (सीजी 13 ए 0999) बरामद।

तकनीकी जांच में इंजन व चेसिस नंबर मेल खाए। बिलासपुर सरकंडा थाना अपराध क्र. 219/2026 में महालक्ष्मी ज्वेलर्स से सोना-चांदी व नकदी लूटी गई।

आरोपी पहले अंबिकापुर से मोटरसाइकिल चुराई, अमलीपाली से इको लेकर सुनियोजित लूट की। वाहन घटनास्थल पर छोड़ भागे। यूपी पुलिस ने बिलासपुर सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी- विजय लांबा (दिल्ली), विनोद उर्फ बिनू प्रजापति (एमपी), करीमखान (बरेली, यूपी), इरफान अली (बिलासपुर), मोनू उर्फ राहुल उर्फ रोहित (गौतमबुद्ध नगर, यूपी)। गिरोह के अन्य नेटवर्क की जांच जारी है।

## अनाचार के आरोपी को दबोचा पामगढ़ पुलिस ने

**जांजगीर।** थाना पामगढ़ पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 4 अगस्त 25 को आरोपी विशाल यादव (22 वर्ष) ने नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर थाना पामगढ़ में पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की थी। आरोपी घटना के दिन से फरार था। पुलिस ने सायबर तकनीक के माध्यम से आरोपी को तलाशा और हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने बालिका को बहला-फुसलाकर भगा लिया और शादी का झांसा देकर लगातार दुष्कर्म किया। इसके बाद पुलिस ने विधिवत गिरफ्तारी करते हुए उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। थाना पामगढ़ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी से जिले में सुरक्षा और कानून के प्रति जनता का भरोसा मजबूत हुआ है।

## फाउंडेशन ने महिला को दी सिलाई मशीन

**अकलतरा।** सामाजिक संस्था वेल विशर फाउंडेशन के स्थापना दिवस पर संस्था की कोषाध्यक्ष रंजना सिंह ने बूटन सिंह चौहान की स्मृति में ग्राम तरौद निवासी संतोषी सिंह को स्वावलंबी बनाने सिलाई मशीन प्रदान की। रंजना सिंह ने बताया कि संस्था हर वर्ष अपने स्थापना दिवस पर आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई मशीन देती है, ताकि वे सिलाई-कढ़ाई का कार्य कर अपने जीवन-यापन के लिए आय अर्जित कर सकें। संस्था के सदस्य श्रीपाल सिंह ने कहा कि वेल विशर फाउंडेशन द्वारा समय-समय पर कई सामाजिक कार्य किए जाते हैं, जिनमें महिला सशक्तिकरण प्रमुख है। इसी क्रम में इस वर्ष भी सिलाई मशीन प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा हर साल महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए सिलाई मशीनें वितरित की जा रही हैं।

## हुड़दंगियों को जेल भेजने के लिए पुलिस का एक्शन प्लान




**बिर्रा।** होली पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसीलदार अविनाश चौहान, पुलिस निरीक्षक जयकुमार साहू, सहायक उपनिरीक्षक तीजराम जागड़े, सरपंच पीलीबाई एकादशियां साहू, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे।

तहसीलदार अविनाश चौहान ने सभी से होली शांतिपूर्वक मनाने की अपील करते हुए कहा कि हुड़दंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि कानून व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर जेल भी भेजा जाएगा। पुलिस निरीक्षक जयकुमार साहू ने कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी पर जबरन रंग-गुलाल न डाले और सड़क पर अनावश्यक रूप से मोटरसाइकिल न चलाए। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बस स्टैंड क्षेत्र में दुकानदारों को दुकानें निर्धारित सीमा में लगाने के निर्देश दिए और उल्लंघन पर कार्रवाई की बात कही। बैठक में सरपंच संतोषी छोटू पटेल, मेलाराम चौहान, विनय कुमार कश्यप, भुवन साहू, सद्दाम हुसैन, पटवारी थालेश्वर देवांगन, चिन्नीलाल, विमला चौहान, मनहरण सोनवानी, गोपाल देवांगन, इतवारी साहू, मुनीराम, वीरेंद्र साहू, भूपेंद्र साहू, रामशरण कैवर्त, रिकू साहू, रितेश तिवारी, अमृत खुंटे, धनसाय कश्यप, प्रकाश चौहान, जितेंद्र तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## अस्पतालों से निकलने वाला मेडिकल अपशिष्ट जलाने से हो रहा खतरा

**देवरी-चांपा।** ग्राम देवरी के उपस्वास्थ्य केंद्र में एक्सपायरी दवाओं को खुले कूड़ेदान में डालकर जलाए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का कहना है कि अस्पताल परिसर के पास ही दवाओं में आग लगा दी जाती है, जिससे उठने वाला जहरीला धुआं पूरे मोहल्ले में फैल जाता है और लोगों को सांस लेने में दिक्कत होती है। दवाओं के जलने से तेज बदबू और काला धुआं निकलता है, जो घरों तक पहुंच जाता है और स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन रहा है।

मोहल्लेवासियों ने बताया कि कई बार दुर्गंध इतनी तीव्र होती है कि वे अपने घरों की खिड़कियां और दरवाजे बंद करने को मजबूर हो जाते हैं। आग में इंजेक्शन की शीशियां(वायल) जलने पर तेज आवाज के साथ फटती हैं, जिनके टुकड़े दूर तक छिटक जाते हैं। इससे सड़क से गुजरने वाले लोगों के घायल होने की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या की जानकारी विभागीय कर्मचारियों को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया



गया है। कार्रवाई के अभाव से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

पहले गड्ढे में दवा डालते थे, किसी ने पाट दिया है ट्टअस्पताल के पीछे गड्ढा किया था। उसी में एक्सपायरी दवा डाल रहे थे। किसी ने पाट दिया है। इसलिए जलाया गया। अहाता नहीं है, सरपंच को बोलते 3-4 साल हो गए, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। - विजयालक्ष्मी साहू, सीएचओ उपस्वास्थ्य केंद्र , देवरी

## जिले में खराब स्वास्थ्य सुविधाएं विधायक ने विस में मुद्दा उठाया

**अकलतरा।** विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने विधानसभा के बजट सत्र में ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से जांजगीर जिले की कमजोर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की ओर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का ध्यान दिलाया। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सोनोग्राफी की सुविधा न होने से गर्भवती महिलाओं को बड़ी परेशानी उठानी पड़ रही है।

उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बलौदा में महिला चिकित्सक की पदस्थापना नहीं होने से महिलाओं का इलाज प्रभावित हो रहा है। जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में बीपी, शुगर और अन्य नियमित जांचें भी नहीं हो पा रही हैं। जिले में मोतियाबिंद ऑपरेशन बंद होने से मरीजों को गंभीर दिक्कत हो रही है। विधायक ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम में जांजगीर-चांपा की स्थिति खराब है। सिकलसेल, क्षय रोग, कुष्ठ रोग नियंत्रण और विभाग की अन्य योजनाओं में भी जिला पिछड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति चिंताजनक है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आश्वासन दिया कि बलौदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला चिकित्सक की तत्काल पदस्थापना की जाएगी।

## आचार्य देव ने भगवान नाम के स्मरण की बतायी महिमा

**राहौद।** गादी दाई एवं ठाकुरदेव समिति द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही। कथा व्यासपीठ से आचार्य देव कृष्ण महाराज ने भगवान नाम की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान का नाम सर्वोपरि है और यदि चिंतन में भगवान स्मरण बने रहे तो प्रत्येक कर्म पूजा के समान बन जाता है। उन्होंने कहा कि उपहास या परिहास में भी यदि भगवान का नाम मुख से निकल जाए तो वह मनुष्य के पापों का नाश कर देता है।

आचार्य ने अजामिल प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि अजामिल ने भगवान के पार्षदों से विशुद्ध भागवत धर्म और यमदूतों से वेदोक्त सगुण धर्म का श्रवण किया। इससे उसके हृदय में भक्ति का उदय हुआ और वह पापों से मुक्त होकर परमधाम को प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन अत्यंत दुर्लभ और अनमोल है। सत्संग और भक्ति के माध्यम से मनुष्य अपने भावी जन्म को सुधार सकता है।

कथा के दौरान उन्होंने कहा कि भगवान अवतार लेकर सनातन धर्म की स्थापना और अधर्म के नाश के लिए प्रकट होते हैं। प्रह्लाद प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि सच्ची भक्ति में इतनी शक्ति होती है कि भक्त भगवान को साक्षात प्रकट होने के लिए विवश कर देता है। उन्होंने कहा कि भगवान सृष्टि के कण-कण में विद्यमान हैं। गजेंद्र मोक्ष प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि जिस प्रकार श्रीहरि ने गजेंद्र को ग्राह से मुक्ति दिलाई, उसी तरह मनुष्य मोह-माया और समस्याओं रूपी बंधनों से केवल हरि



स्मरण और भक्ति के माध्यम से ही मुक्त हो सकता है। पंडित देव कृष्ण शर्मा ने समुद्र मंथन प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया।

उन्होंने कहा कि समुद्र से निकले अमृत से भी अधिक महत्वपूर्ण कथा अमृत है। देवताओं और दानवों ने समान परिश्रम किया, पर अमृत केवल देवताओं को प्राप्त हुआ। उसी प्रकार कथा अमृत भी उन्हें मिलता है जिनका मन भगवान में रमा होता है। चौथे दिन की कथा में वामन अवतार और श्रीकृष्ण प्राकट्य की झांकी प्रस्तुत की गई। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से नंद उत्सव मनाया। नगर के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर दिव्य सत्संग का लाभ प्राप्त किया। आयोजन समिति ने बताया कि आगामी दिनों में भी कथा का क्रम इसी प्रकार जारी रहेगा।

## सूने मकान में चोरी, दो गिरफ्तार

**जांजगीर।** बलौदा पुलिस ने सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। आरोपी दिव्यांशु सूर्यवंशी उर्फ भईया व सुशीला बाई सूर्यवंशी, दोनों ग्राम जावलपुर, थाना बलौदा निवासी हैं। बलौदा निवासी संजय मिरी 16 फरवरी को पारिवारिक कार्यक्रम में गए। 23 फरवरी को लौटे तो घर के कमरे का ताला टूटा मिला। चोर सोने का हार, 20,000 रुपये नकदी व आधार कार्ड ले भागे। रिपोर्ट पर मामला दर्ज। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, मुखबिर से संदेहियों की पहचान की। वैज्ञानिक पूछताछ में दोनों ने जुर्म कबूल लिया।

## मौसम के रूख से बाजार की रौनक हुई कम

**सक्ती।** नगर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी युवाओं ने होली पर्व की तैयारियां शुरू कर दी हैं। परंपरागत रूप से नगर में दो स्थानों अग्रसेन चौक गणेश बंध के पास और बुधवारी बाजार स्थित पशु चिकित्सालय परिसर में होली सजाई जाती है। दोनों स्थानों पर युवकों द्वारा जनसहयोग से लकड़ियां एकत्र कर होली का ढांचा तैयार किया जा रहा है।

मारवाड़ी समाज की महिलाएं होलिका दहन से पूर्व सुबह गोबर के कंडे, बच्चों के लिए ड्राईफ्रूट और बिस्कुट की माला लेकर होली स्थल पहुंचती हैं और विधि-विधान से पूजा करती हैं। अग्रसेन चौक स्थित होली की व्यवस्था राजेश अग्रवाल द्वारा की जाती है, जहां पूजा से पहले जलपान की व्यवस्था रहती है। पशु चिकित्सालय परिसर में श्यामसुंदर कथुरिया के नेतृत्व में होली सजाई जाती है और पूजा के बाद महिलाओं को जलपान कराया जाता है। इस वर्ष तिथि परिवर्तन के कारण होलिका दहन 2 मार्च की रात होगा। अगले दिन ग्रहण होने से रंग-गुलाल से होली 4 मार्च को खेली जाएगी।

हालांकि इस बार नगर में होली को लेकर पहले जैसा उत्साह दिखाई नहीं दे रहा है। जहां पूर्व में होली से 15 दिन पहले ही बाजारों में रंग, गुलाल, पिचकारी और नगाड़ों की दुकानों से रौनक आ जाती थी, वहीं इस वर्ष बाजारों में सन्नाटा है। रंग-गुलाल के दुकानदार अनमोल गर्ग ने बताया कि पहले त्योहारों का विशेष महत्व रहता था, लेकिन अब त्योहार एक-दो दिन तक सिमटते जा रहे हैं।

## अनमोल वचन......

**महान काम ताकत से नहीं लगातार लगे रहने से होते हैं।**

# भारत को बांग्लादेश के साथ बेहतर समन्वय की जरुरत

*बांग्लादेश के साथ भारत की कूटनीति का तीसरा पहलू क्षेत्रीय भू राजनीति से जुड़ा है। बांग्लादेश भारत की पड़ोसी पहले की नीति का मुख्य केंद्र रहा है। कनेक्टिविटी, सीमा प्रबंधन, ऊर्जा सहयोग, जल बंटवारा और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर दोनों देशों की परस्पर निर्भरता गहरी है। शांतिपूर्ण सह अस्तित्व की भारत की विदेश नीति पिछले कुछ दशकों में पूरी तरह से विफल हो गई थी। लगभग सभी पड़ोसी देशों के साथ भारत के संबंधों में तनाव आ गया था। अब भारत ने नए सिरे से संबंध सुधार के प्रयास शुरू किए हैं। बांग्लादेश के नव निर्वाचित प्रधानमंत्री तारिक रहमान के शपथ समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शामिल हुए। वे अपने साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चिट्ठी लेकर गए थे। प्रधानमंत्री ने उनको भारत आने का न्योता दिया है। यह सिर्फ औपचारिक शिष्टाचार नहीं है, बल्कि यह एक सुविचारित कूटनीतिक पहल भी है। यह पहल दोपक्षीय संबंधों की निरंतरता और उच्च स्तरीय राजनीतिक विश्वास को दिखाता है। दूसरी ओर इसी यात्रा में भारत के विदेश सचिव का बांग्लादेश के प्रमुख विपक्षी नेता और जमात ए इस्लामी के प्रमुख शफीकुर्रहमान से मिलना इस बात का संकेत है कि भारत अपनी नीति को बहुस्तरीय और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से आगे बढ़ा रहा है।*

*भारत की एक बहुत अच्छी कूटनीतिक पहल यह रही कि किसी केंद्रीय मंत्री को भेजने की बजाय लोकसभा के स्पीकर को शपथ समारोह में भेज गया। यह दो देशों के संबंधों की भावना को रेखांकित करता है। स्पीकर का पद दलीय राजनीति से ऊपर माना जाता है, इसलिए यह संदेश गया कि भारत की प्रतिबद्धता सिर्फ किसी एक दल या सरकार तक सीमित नहीं है, बल्कि वह संस्थागत संबंधों को महत्व देता है। प्रधानमंत्री का पत्र और भारत आने का निमंत्रण इस बात का संकेत है कि नई सरकार के साथ संवाद को जल्दी से जल्दी और सकारात्मक दिशा में ले जाने की भारत की मंशा है। दूसरी रणनीतिक पहल विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री की बांग्लादेश के विपक्षी नेता से मुलाकात है। शफीकुर्रहमान, बांग्लादेश की कट्टरपंथी जमात ए इस्लामी के प्रमुख हैं। जमात को पहली बार बांग्लादेश की तीन सौ सदस्यों की संसद में करीब 70 सदस्यों का प्रतिनिधित्व मिला है। यह एक तरह से उसकी राजनीतिक वैधता है। उनसे मुलाकात कर भारत ने यह स्पष्ट किया कि वह केवल सत्तारूढ़ दल पर निर्भर रहकर अपनी विदेश नीति नहीं गढ़ता, बल्कि संभावित सत्ता परिवर्तन की परिस्थितियों को भी ध्यान में रखता है। हालांकि बांग्लादेश में तारिक रहमान की पार्टी बीएनपी को जबरदस्त जनादेश मिला है लेकिन बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा का मसला वहां के समाज से जुड़ा है और उसे सुनिश्चित करने के लिए जमात के नेता के साथ भारत के संबंधों की बेहतरी भी जरूरी है। बांग्लादेश के साथ भारत की कूटनीति का तीसरा पहलू क्षेत्रीय भू राजनीति से जुड़ा है। बांग्लादेश भारत की पड़ोसी पहले की नीति का मुख्य केंद्र रहा है। कनेक्टिविटी, सीमा प्रबंधन, ऊर्जा सहयोग, जल बंटवारा और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर दोनों देशों की परस्पर निर्भरता गहरी है। हालांकि अभी भारत गंगा जल संधि या ट्रांस शिपमेंट पर लगाई गई रोक को लेकर कुछ नहीं कह रहा है और न शेख हसीना को बांग्लादेश को सौंपने की बात हो रही है। लेकिन आने वाले दिनों में ये मुद्दे उठेंगे। इन मुद्दों पर सद्भावपूर्ण तरीके से चर्चा हो यह भारत ने अपनी कूटनीतिक पहल से सुनिश्चित किया है। सीमा प्रबंधन और घुसपैठ रोकने में भी भारत को बांग्लादेश के साथ बेहतर समन्वय की जरुरत होगी।*

## राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन आपके लिए पॉजिटिव रहेगा। आज आपको भाग्य का साथ मिलेगा। आपके अंदर अध्यात्म के प्रति लगाव उत्पन होगा। आप अपने ज्ञान और कार्य कौशल पर अधिक काम कर पायेंगे। आपके व्यापार में ग्रोथ होने की संभावना बढ़ेगी। आप किसी भी नई जिम्मेदारी को बेहतरीन तरीके से निभाएंगे। किन्हीं कारणों से खर्च बढ़ेगा।

**वृष राशि :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आप परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आपको कार्यक्षेत्र में नए अवसर मिलेंगे। अपने आपको साबित करने का मौका मिलेगा। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे जातक अच्छी सफलता पायेंगे। आर्थिक स्थिति पहले से अच्छी रहेगी। पैसे संबंधी मामलों में किसी अन्य पर विश्वास करने से बचें।

**मिथुन राशि :** आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आपकी रचनात्मक समझ बढ़ेगी। पारिवारिक जीवन में आप सक्रिय नजर आएंगे। मांगलिक कार्यों में खर्च होने के योग हैं। आपको आपके व्यवसाय में बड़े सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। जिससे आपको अच्छे धन लाभ की संभावना बढ़ेगी। इस दौरान डील करने से पहले अच्छे से विचार कर लें। दोस्तों या परिवार के साथ किसी यात्रा पर जा सकते हैं।

**कर्क राशि :** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। कारोबार के सिलसिले में की गई यात्रा लाभदायक सिद्ध होगी। आप फाइनेंस से जुड़े बड़े निर्णय ले सकते हैं। सौन्दर्य प्रसाधन का कारोबार करने वाले लोगों को बड़ा आर्डर मिलेगा। आप कार्य क्षेत्र और घर के बीच संतुलन बनाने का प्रयास करेंगे। आज आप अपने जीवनसाथी के साथ शॉपिंग करने जायेंगे।

**सिंह राशि :** आज आप फिट और उत्साहित महसूस करेंगे। कुछ बड़े आर्डर मिलने से आपका व्यापार बढ़ेगा। आपके इनकम के सोर्स बढ़ेंगे। आपको शुभ समाचार मिलने के योग हैं। सरकारी जॉब मिलने की संभावना है। आपको आपके सीनियर्स का साथ मिलेगा। आपके कार्यों की सराहना होगी। आपके कलीग्स कुछ समस्याएं खड़ी कर सकते हैं।

**कन्या राशि :** आज आपको बेहतर अवसर मिलेंगे। आपको नौकरी में अच्छे अवसर के साथ बदलाव के योग हैं। व्यापारियों के लिए आज का दिन सामान्य रहेगा। प्रतियोगिता परीक्षा में बैठने वाले छात्रों के लिए दिन अच्छा है। आपको किसी मल्टीनेशनल कंपनी में जॉब के लिए ऑफर मिल सकता है। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

**तुला राशि :** आपके लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आ रही चुनौतियों में कमी आएगी पारिवारिक माहौल खुशहाल रहेगा। आज आपको आपकी काबिलियत से उत्तम फल की प्राप्ति होगी। नौकरी में बदलाव के योग हैं। आपका आत्मविश्वाश बढ़ेगा। आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा। एक से अधिक स्रोतों से धन लाभ की संभावना है। जीवनसाथी के साथ रिश्ते में प्रगाढ़ता आएगी, आपसी तालमेल बना रहेगा।

**वृश्चिक राशि :** आज आपका दिन खास रहेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। इस दौरान आमदनी के साथ खर्चे भी बढ़ेंगे। संतान की ओर से खुशखबरी मिल सकती है। यह संतान के विवाह संबंधी भी हो सकती है। व्यापारियों के लिए दिन सामान्य रहेगा। आज आप ऑफिस में होने वाली राजनीति से दूर रहे। धन से जुड़े मामलों में आज जीवनसाथी का साथ मिलेगा।

**धनु राशि :** आपके लिए आज का दिन शुभ रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको खास उपलब्धि मिलेगी। आपके सोचने समझने की क्षमता बढ़ेगी। इस दौरान आपको आलस से बचना होगा। साझेदारी में काम कर रहे व्यापारियों के लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। आज आपका उत्साह बढ़ेगा। किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने से पहले मित्रों की सलाह लेंगे। इससे आपको फायदा होगा।

**मकर राशि :** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के सहयोग से अपने काम को बेहतर तरीके से पूरा करेंगे। आज घर में बेटी की तरक्की से परिवार का माहौल खुशी से भरा रहेगा। फार्मिंग का कारोबार कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। सामाजिक व राजनीतिक कामों में आपका मन लगेगा।

**कुंभ राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपके दाम्पत्य रिश्ते में सुधार आएगा। जीवनसाथी के लिए पसंदीदा उपहार खरीदेंगे। आज आप कहीं बाहर घूमने जा सकते है जहाँ आप अच्छा समय बिताएंगे। आज आपके अन्दर कॉन्फिडेंस बढ़ेगा।

**मीन राशि :** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज धन लाभ के साथ-साथ खर्चे भी बढ़ेंगे। आज ऑफिस में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है। आप संयम के साथ परेशानी से बाहर निकल पाएंगे। आपको अचानक धन लाभ होने के योग हैं। आज आप अपने पारिवारिक जीवन में आनंद महसूस करेंगे। इस दौरान आप अपने को शांत रखने की कोशिश करेंगे। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बढ़िया है। नई तरक्की मिलने के चांसेज हैं। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आज आपको स्वास्थ्य का ख्याल रखने की जरूरत है।

# पाणिनि से एआई स्टैक तक: दिल्ली का एआई गौरव और राष्ट्रीय क्षमता का लक्ष्य

//हरदीप एस पुरी //

**जब पाणिनि ने बोली जाने वाली भाषा की अव्यवस्था को एक संक्षिप्त, गणनीय व्याकरण में परिवर्तित किया, तो उन्होंने एक बात साबित की, जो आज भी प्रासंगिक है: बुद्धिमत्ता सबसे शक्तिशाली तब होती है, जब इसे संरचना के रूप में व्यक्त किया जाता है। नालंदा इस सहज प्रवृत्ति को संस्थानों तक ले गया और बहस करने, संरक्षित करने और ज्ञान को सीमाओं के पार प्रसार करने के तरीके विकसित किए। भारत एआई इम्पैक्ट समिट 2026 की मेजबानी करने का भारत का निर्णय उसी सभ्यतागत भावना से प्रेरित है, क्योंकि तकनीक में अगली छलांग उन प्रणालियों के बारे में है, जो सीख सकती हैं, तर्क कर सकती हैं और बड़े पैमाने पर कार्य कर सकती हैं और दुनिया ऐसे भविष्य के बारे में सोच नहीं सकती, जिसमें केवल कुछ देश यह तय करें कि ये प्रणालियाँ कैसे बनाई जाएँगी।**

पिछले सप्ताह भारत मण्डपम में आयोजित यह शिखर सम्मेलन, एक वैश्विक दक्षिण राष्ट्र द्वारा आयोजित पहला वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन था और किसी भी पूर्व आयोजन में इस स्तर की भागीदारी नहीं देखी गयी: 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष, 60 मंत्री, 100 से अधिक देशों के 500 से अधिक एआई दिग्गज और विषय-आधारित दस पवेलियनों में 300 प्रदर्शक। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत अपनी स्वयं की एक संगठनात्मक सोच प्रस्तुत कर रहा है: डेटा पर संप्रभुता, डिज़ाइन के अनुसार समावेश और स्वाभाविक जवाबदेही। देश वैश्विक पूंजी को इन शर्तों पर यहाँ निवेश करने के लिए आमंत्रित कर रहा है।

प्रधानमंत्री के एम.ए.एन.ए.वी विजन में इस विचार की स्पष्ट अभिव्यक्ति हुई है: नैतिक पाबंदी, जवाबदेह शासन, डेटा पर संप्रभुता, ताकि ज्ञान के कच्चा माल का उस रूप में निष्कर्षण न किया जाए जैसे कभी वस्तुओं का किया जाता था; व्यापक पहुंच, ताकि लाभ मध्य प्रदेश के किसान तक उतने ही निश्चित रूप से पहुंचे, जितना बेंगलुरु के इंजीनियर तक और कानूनी वैधता, ताकि हर प्रयुक्त प्रणाली लोकतांत्रिक निरीक्षण के प्रति जवाबदेह बनी रहे। उनकी अवधारणा एआई को खुला आकाश देने की है, जबकि नियंत्रण मानव हाथों में रखा जाना चाहिए। यह अवधारणा एक ऐसी रेखा खींचती है, जिसे कई उन्नत अर्थव्यवस्थाएं खींचने में हिचकिचा रही हैं।

अब इन सिद्धांतों का बहुपक्षीय महत्व है, जो शिखर सम्मेलन में अपनाई गई दिल्ली घोषणा के माध्यम से सामने आया, और इसे पहले से ही वैश्विक दक्षिण से आने वाली पहली प्रमुख एआई शासन रूपरेखा कहा जा रहा है। इस घोषणा की दृष्टि विकास-उन्मुख है, जिसका केंद्र तकनीकी-कानूनी दृष्टिकोण है और जो कठोर अनुपालन की तुलना में लचीली पाबंदियों को प्राथमिकता देता है। यह वैश्विक सहयोग को तीन स्तंभों पर व्यवस्थित करता है: लोग, पृथ्वी और प्रगति। भारतजेन जैसा जनसंख्या के पैमाने पर आधारित समाधान, जो 22 भारतीय भाषाओं का समर्थन करता है और उस वास्तविकता को संबोधित करता है कि दुनिया का अधिकांश भाग अंग्रेज़ी में काम नहीं करता। भारत के अपने सब्सिडी वाले जीपीयू एक्सेस (?65 प्रति घंटा) पर आधारित एक प्रस्तावित वैश्विक कंप्यूट बैंक प्रवेश बाधाओं को हर जगह कम करता है। घोषणा में डेटा संप्रभुता पर जोर दिया गया है, जो सीधे एआई निष्कर्षणवाद को चुनौती देता है: एक पैटर्न, जिसमें विकासशील देशों से डेटा संग्रहित किया जाता है ताकि मॉडल को प्रशिक्षित किया जा सके। बाद में इन देशों को इसी मॉडल के लिए भुगतान करना पड़ता है।

पिछले दशक के कार्यान्वयन ने इस रूपरेखा को विश्वसनीयता दी है, क्योंकि यह सरकार एआई तक किसी श्वेत पत्र के माध्यम से नहीं, बल्कि किसी भी लोकतांत्रिक देश द्वारा शुरू किये गये सबसे महत्वाकांक्षी डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना कार्यक्रम के जरिये पहुँची है। यूपीआई ने 2025 में 228 बिलियन से अधिक लेन-देन संसाधित किए, जिनका मूल्य लगभग 3.4 ट्रिलियन डॉलर था, जो दुनिया के वास्तविक समय पर कुल डिजिटल भुगतान का लगभग आधा है और यह वैश्विक स्तर पर वीसा द्वारा संसाधित किये गये कुल लेन-देन से भी अधिक है। जेएएम त्रय ने 2015 से अब तक ?3.48 लाख करोड़ से अधिक की कल्याण बचत प्रदान की है। किसी अन्य देश ने एक ही नीतिगत व्यवस्था के तहत पहचान, भुगतान और पात्रता-अधिकार के वितरण का निर्माण इस स्तर पर नहीं किया है और यही वह आधारशिला है, जिस पर भारत का एआई खड़ा है।यदि डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का लक्ष्य हर नागरिक को देश से जोड़ना था, तो एआई अवसंरचना का लक्ष्य हर नागरिक को क्षमता से जोड़ना है और यहाँ आंकड़े एक चौंकाने वाला अंतर दिखाते हैं: भारत दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत डेटा का उत्पादन करता है, लेकिन यहाँ वैश्विक डेटा-केंद्र क्षमता का केवल लगभग 3 प्रतिशत मौजूद है। अब इस अंतर को उसी इरादे के साथ पाटा जा रहा है, जिसने यूपीआई का निर्माण किया था: तेज़, बड़े पैमाने पर और संप्रभु डिजाइन के साथ।

विचार करें कि भारत मंडपम में एक ही सप्ताह में क्या घोषणाएँ की गईं। माइक्रोसॉफ्ट: 2030 तक वैश्विक दक्षिण के लिए 50 बिलियन डॉलर, जिसमें से पहले ही 17.5 बिलियन डॉलर की भारत के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी है। गूगल: अमेरिका-भारत संपर्क पहल, जो पांच वर्षों में 15 बिलियन डॉलर से संचालित होगी। अमेज़न वेब सर्विसेज़: महाराष्ट्र में 8.3 बिलियन डॉलर। अदानी समूह: 2035 तक नवीकरणीय ऊर्जा-संचालित एआई डेटा केन्द्रों के लिए 100 बिलियन डॉलर। योटा डेटा सर्विसेज़: एनवीडिया के ब्लैकवेल अल्ट्रा चिप्स का उपयोग करके एशिया के सबसे बड़े एआई कंप्यूटिंग हब में से एक के लिए 2 बिलियन डॉलर से अधिक। लार्सन एंड टुब्रो: एनवीडिया के साथ भारत की सबसे बड़ी गीगावाट-स्केल एआई फैक्ट्री बनाने के लिए प्रस्तावित परियोजना। इंडियाएआई मिशन का राष्ट्रीय कंप्यूट क्लस्टर 38,000 जीपीयू पार कर चुका है और इसे 58,000 तक बढ़ाया जा रहा है, जो स्टार्टअप्स के लिए वैश्विक लागत के लगभग एक तिहाई पर उपलब्ध है। अगले दो वर्षों में एआई अवसंरचना में 200 अरब डॉलर के निवेश का सरकार का लक्ष्य महज आकांक्षा नहीं है; घोषित प्रतिबद्धताएँ इसे हासिल करने के दायरे में लाती हैं।

केंद्रीय बजट 2026-27 का उद्देश्य इस निवेश को दीर्घकालिक संरचनात्मक लाभ में बदलने का है, जो उन विदेशी कंपनियों के लिए टैक्स होलीडे का 2047 तक विस्तार करता है, जो वैश्विक क्लाउड सेवाओं के लिए भारतीय डेटा सेंटर का उपयोग करती हैं तथा एआई और उच्चतम निर्माण स्टार्टअप्स के लिए 1.1 अरब डॉलर के वेंचर कैपिटल फंड का वचन देती हैं। राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन, जिसका परिव्यय 34,000 करोड़ रुपये से अधिक का है, लिथियम, कॉबाल्ट और दुर्लभ पृथ्वी धातुओं को सुरक्षित करता है, जिन पर एआई और सेमीकंडक्टर का निर्माण निर्भर होता है। हालाँकि यह सब तब तक मायने नहीं रखता, जब तक यह लोगों तक नहीं पहुँचता। शिखर सम्मेलन के पहले दिन, 2.5 लाख से अधिक छात्रों ने नवाचार के लिए जिम्मेदार एआई का उपयोग करने की शपथ ली, यह संख्या गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की मान्यता के लिए प्रस्तुत की गई है। तीस डेटा और एआई लैब्स स्तर 2 और स्तर 3 के शहरों में काम कर रहे हैं, जो 570-लैब नेटवर्क की योजना का पहला प्रयास है, जबकि एआईकोश 7,500 से अधिक डेटासेट और 273 मॉडलों को साझा सार्वजनिक अवसंरचना के रूप में पेश करता है। जब यह सरकार सत्ता में आई थी, तब भारत में 16 आईआईटी थे; आज 23 हैं। ओपनएआई के सीईओ ने बताया कि भारत चैटजीपीटी का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है, जिसके 100 मिलियन साप्ताहिक सक्रिय उपयोगकर्ता हैं। खपत यहाँ है, और उत्पादन क्षमता रफ़्तार पकड़ बना रही है: शिखर सम्मेलन में तीन संप्रभु एआई मॉडल पेश किए गए, जिनमें सर्वम एआई का 105-बिलियन-पैरामीटर व्यापक भाषा मॉडल शामिल है, जिसे पूरी तरह भारतीय कंप्यूटिंग और भारतजेन का परम2 पर प्रशिक्षित किया गया है, एक 17-बिलियन-पैरामीटर बहुभाषी मॉडल, जो सभी 22 अनुसूचित भाषाओं का समर्थन करता है। ये विदेशी मॉडलों के अनुकूल किये गये संस्करण नहीं हैं; इन्हें संप्रभु अवसंरचना पर शुरुआत से बनाया गया है। यह भी जानकारी देने योग्य है कि साझेदारी की संरचना अब कैसे तैयार की जा रही है, क्योंकि अब यह विदेशी तकनीक के लाइसेंस के बारे में नहीं है, बल्कि संप्रभु क्षमता के सह-निर्माण के बारे में है।

# वैश्विक अर्थव्यवस्था में अविश्वास बढ़ रहा

//अजीत द्विवेदी//

**चौतरफा अविश्वास बढ़ रहा है। नियम आधारित पुरानी विश्व व्यवस्था बिखर गई है। दुनिया के किसी भी देश को दूसरे देश पर या देशों के किसी भी समूह को दूसरे समूह पर भरोसा नहीं रह गया है। जब अमेरिका और यूरोप के बीच अविश्वास बढ़ गया तो बाकी देशों के बारे में क्या कहा जाए! इसी तरह वैश्विक अर्थव्यवस्था में अविश्वास बढ़ रहा है। दुनिया की अर्थव्यवस्था आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में निवेश और उसके बाजार में आए उछाल से चलती दिख रही है। इसने सॉफ्टवेयर और आईटी आधारित सेवाओं के उद्योग को लगभग ध्वस्त कर दिया है।**

जब से एआई कंपनी एंथ्रोपिक की ओर से कहा गया कि उसके ऑटोमेटेड ऑफिस सूट से सॉफ्टवेयर और दूसरे ऑपरेटिंग सिस्टम्स की जरुरत ही खत्म हो जाएगी तब से आईटी कंपनियों की हालत खराब है। माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ ने भी कहा है कि अगले डेढ़ से दो साल में सारे व्हाइट कॉलर जॉब्स एआई के जरिए ऑटोमेटेड हो जाएंगे। हालांकि इसके बावजूद चिप बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी और दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी एनवीडिया के निवेशक अपने पैसे निकाल रहे हैं। सॉफ्टबैंक से लेकर पीटर थील तक ने पैसे निकाले हैं तो यह भी खबर है कि कंपनी के सीईओ से लेकर दूसरे अहम लोग भी अपने शेयर बेच रहे हैं। यह अविश्वास पूरी अर्थव्यवस्था को अपने चपेट में ले सकता है।

वैश्विक भू राजनीतिक और आर्थिक अविश्वास के माहौल में सबसे चिंता की स्थिति भारत में दिख रही है, जहां राजनीतिक और सामाजिक विभाजन दिन प्रतिदिन गहरा होता जा रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर कुछ कहने की जरुरत नहीं है। यह उपभोग आधारित है तो डेढ़ सौ करोड़ लोगों की अर्थव्यवस्था चलती ही रहेगी और जिस रफ्तार से बढ़ रही है उस रफ्तार से बढ़ती रहेगी। लेकिन सामाजिक और राजनीतिक विभाजन, अविश्वास देश के सामने बड़ा खतरा बन कर आया है।

देश की राजनीति में कभी भी ऐसी स्थिति नहीं रही थी कि सत्तारूढ़ और विपक्षी पार्टियों के बीच एक दूसरे के प्रति नफरत का भाव हो। अब पार्टियों के बीच निजी दुश्मनी हो गई है। संसद और राज्यों की विधानसभाओं में पार्टियों के नेता एक दूसरे से दुआ सलाम करने से घबरा रहे हैं कि कहीं उनके शीर्ष नेता ने देख लिया या पता चल गया तो उसके नंबर कट जाएंगे।अगर पहले सामाजिक विभाजन की बात करें तो इतने गहरे विभाजन की शुरुआत 80 बनाम 20 की राजनीति से हुई थी और यूजीसी के नियमों से अंतिम मुकाम तक पहुंची है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भले 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' की बात कही लेकिन उनकी पार्टी की नीतियों और नेताओं के बयानों से यह संदेश गया कि भाजपा को 20 फीसदी अल्पसंख्यकों, जिनमें मुस्लिम, सिख और ईसाई तीनों शामिल हैं उनके वोट नहीं चाहिए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तो खुल कर 80 और 20 की बात कही। उन्होंने बंटोंगे तो कटोगे का नारा दिया। प्रधानमंत्री ने भले ऐसा कोई नारा नहीं दिया लेकिन जब भाजपा ने लोकसभा चुनाव में एक भी मुस्लिम को टिकट नहीं दिया और एक भी मुस्लिम को मंत्री नहीं बनाया गया तो बिना कहे यह सिद्धांत स्थापित हुआ।मुसलमानों को अलग थलग करने की जो राजनीति शुरू हुई थी उसमें राज्यवार दूसरी चीजें जुड़ती गईं। बिहार और उत्तर प्रदेश में मुस्लिम के साथ साथ यादव को अलग थलग किया गया। हरियाणा में जाट को, महाराष्ट्र में मराठों को, झारखंड में आदिवासियों को अलग थलग किया गया। कहीं गैर यादव पिछड़ी व अन्य जातियों का समीकरण बनाया गया तो कहीं गैर मराठा तो कहीं गैर आदिवासी का समीकरण बनाया गया। अब इस विभाजनकारी राजनीति का अगला मुकाम सामान्य जातियों को अलग थलग करने का है। उच्च शिक्षण संस्थानों में भेदभाव खत्म करने के लिए यूजीसी की ओर से जो नियम लाए गए हैं, जिनको भेदभावकारी बता कर सुप्रीम कोर्ट ने रोक दिया है, वो इसी प्रयोग का हिस्सा हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेता और उसकी सरकार के मंत्री अब खुल कर कह रहे हैं कि वे देश के गरीबों, पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों के लिए काम कर रहे हैं। सरकार की पूरी स्कीम ऑफ थिंग्स में से सामान्य जातियों को बाहर कर दिया गया है। इससे सामाजिक स्तर पर इतना अविश्वास बढ़ा है कि जाति पूछ कर यूनिवर्सिटी कैम्पस में छात्रों पर हमले हो रहे हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी के कैम्पस में एक ब्राह्मण पत्रकार की जाति पूछ कर उसके ऊपर हमला किया गया। विपक्ष खास कर राहुल गांधी की बहुजन राजनीति से घबरा कर भाजपा ने यह प्रयोग किया। उसको लग रहा है कि सामान्य जातियां उसको बाई डिफॉल्ट वोट देंगी। लेकिन अब यह वोट का मामला नहीं रह गया है।

जहां तक गहरे राजनीतिक विभाजन की बात है तो इसकी शुरुआत 'कांग्रेस मुक्त भारत' के नारे से हुई थी। प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने यह नारा दिया था। उसके बाद से भाजपा, उसकी सरकार, उसका पूरा इकोसिस्टम और मीडिया व सोशल मीडिया का पूरा तंत्र इस काम में लग गया कि किस तरह से कांग्रेस शासन की पूरी विरासत को मिटाया जाए, कैसे उसके नेताओं की साख खराब की जाए, कैसे उसे कमजोर किया जाए और कैसे उसे चुनाव हराया जाए।

इसके बाद भाजपा ने यह प्रचार शुरू किया कि सिर्फ वही एक अच्छी पार्टी है बाकी पार्टियां भ्रष्ट, परिवारवादी और राष्ट्रविरोधी हैं। चुनाव के समय पहले भी पार्टियां एक दूसरे के खिलाफ आरोप लगाती थीं। लेकिन भाजपा ने इसे रोजमर्रा का काम बना दिया। 24 घंटे और 365 दिन भाजपा की मशीनरी इस काम में लग गई। पहले तो पार्टियां, नेता और आम लोग भी इसे आश्चर्य की नजर से देखते रहे लेकिन फिर यह मुख्यधारा का राजनीतिक काम बन गया कि एक दूसरे के खिलाफ निरंतर दुष्प्रचार चले।

अब विपक्षी पार्टियों की सरकारों के नीतिगत फैसलों और नेताओं के निजी चरित्र को लेकर लगातार आलोचना चलती रहती है। लगातार 12 साल प्रधानमंत्री रहने के बाद भी नरेंद्र मोदी कांग्रेस की पहले की सरकारों और नेताओं की कमियां बता कर वोट मांगते हैं। संसद में खड़े होकर भाजपा के सांसद कांग्रेस के पुराने नेताओं और पूर्व प्रधानमंत्रियों को 'गद्दार' और 'अय्याश' बोलते हैं। विपक्ष के मौजूदा नेतृत्व को 'पप्पू', 'टुक़डे टुकड़े गैंग', 'देश विरोधी', 'सनातन विरोधी', 'टोंटी चोर', 'चारा चोर' आदि कहा जाता है। जवाब में दूसरी तरफ से भी सत्तापक्ष के नेताओं के लिए इसी तरह के विशेषणों का प्रयोग होने लगा है।

'तड़ीपार' और 'चौकीदार चोर है' से शुरू हुआ प्रचार 'कॉरपोरेट के नौकर', 'देश बेचने वाले' और 'ट्रंप के गुलाम' तक पहुंच गया है। ऐसा नहीं है कि नेता इसे राजनीतिक बयानबाजी भर मान रहे हैं। वे इसे सच मानते हैं और उनके निजी संबंध भी इसी से निर्धारित हो रहे हैं। चूंकि सभी पार्टियों के नेता खास कर भाजपा में ज्यादातर नेता बिना राजनीतिक आधार वाले हैं इसलिए वे अपने पार्टी नेतृत्व की ओर से कही गई बात को ब्राह्म वाक्य मान कर दोहराते रहते हैं। सभी नेताओं का एकमात्र काम अपने नेतृत्व को खुश करना हो गया है। इसके लिए वे विरोधी नेताओं के बारे में अनाप शनाप बोलते रहते हैं। उनके बीच इस बात का कंपीटिशन है कि विरोधी नेता के लिए कौन ज्यादा अपमानजनक बात कह सकता है। अपने विरोधी नेताओं के प्रति अपमान का भाव ही भारतीय राजनीति की पहचान बन गई है।

## तस्वीरों की दुनिया



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली से इज़राइल के दो दिन के आधिकारिक दौरे पर रवाना हुए।




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मालसी, देहरादून स्थित एक होटल में हिन्दुस्तान शिखर समागम-उत्तराखण्ड 2026 में प्रतिभाग किया।



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान मेला ग्राउंड (पूसा कैंपस) में आयोजित 'पूसा कृषि विज्ञान मेले' का उद्घाटन किया।



आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने महाराष्ट्र के शेगांव में आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित 'राष्ट्रीय आरोग्य मेला-2026' के इंतजामों का निरीक्षण किया।



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान मेला ग्राउंड (पूसा कैंपस) में आयोजित 'पूसा कृषि विज्ञान मेले' में शामिल हुए।




भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने महाराष्ट्र के बुलढाणा में 'राष्ट्रीय आरोग्य मेला 2026' का उद्घाटन किया।



भारतीय विदेश सेवा - 2025 बैच के ट्रेनी अधिकारियों ने नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की।

# एआई समिट में हंगामे पर राजनीति तेज: कपड़े उतारने से विचारधारा नहीं बदलती, पूनावाला ने कांग्रेस को लेकर दिया विवादित बयान

**नईदिल्ली, 26 फरवरी [एजेंसी]।**


भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एआई समिट में युवा कांग्रेस के शर्टलेस विरोध प्रदर्शन को लेकर बुधवार को कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए आईएनसी (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) पार्टी को भारत-विरोधी नंगी कांग्रेस करार दिया और उस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अपशब्द और धमकियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। पूनावाला ने एक प्रेस कान्फ्रेंस में आरोप लगाया कि एआई इंपैक्ट समिट में युवा कांग्रेस के सदस्यों का विरोध प्रदर्शन शर्टलेस, घटिया और बुद्धिहीन था और दावा किया कि इसने देश को अंतरराष्ट्रीय मंच पर शर्मिंदा किया है। उन्होंने कहा, हम सब जानते हैं कि आज, आईएनसी का मतलब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस नहीं रह गया है। यह सीसीपी - समझौतावादी कांग्रेस पार्टी, एएनसी - राष्ट्रविरोधी कांग्रेस, एसीपी - अपमानजनक कांग्रेस पार्टी बन गई है ।



पूनावाला ने आरोप लगाया कि जहां अन्य पार्टियों ने विरोध प्रदर्शन की निंदा की, वहीं कांग्रेस ने इसका समर्थन किया है। पूनावाला ने कांग्रेस नेता बरिंदर सिंह ढिल्लों पर आरोप लगाया कि उन्होंने एक विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री के खिलाफ धमकी भरी भाषा का इस्तेमाल किया। इस तरह की टिप्पणियां प्रधानमंत्री के लिए प्रत्यक्ष रूप से जान से मारने की धमकी के समान हैं। भाजपा ने बुधवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने अपने कार्यकाल में बार-बार क्षेत्रीय समझौते किए और भारत की सीमाओं का हमेशा के लिए पुनः निर्धारण कर दिया। भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर सरकार पर कांग्रेस के हमले के जवाब में भाजपा ने विपक्षी दल पर पलटवार किया। भाजपा प्रवक्ता अनिल बलूनी ने कंप्रोमाइज्ड कांग्रेस हैशटैग के साथ एक्स पर लिखा-प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में नेहरू का पहला कर्तव्य था। भारत की क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करना।

उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बजाय नेहरू ने तिब्बत, अक्साई चिन, बेरुबारी, पंजाब और कश्मीर के संबंध में समझौते किए। बलूनी ने कहा कि नेहरू ने तिब्बत में भारत के अधिकारों को छोड़ दिया और चीन को कई क्षेत्रों में बढ़त दी। बेरुबारी पर नेहरू-नून के समझौते का जिक्र करते हुए बलूनी ने आरोप लगाया कि प्रथम प्रधानमंत्री ने बंगाल का आधा क्षेत्र बिना कैबिनेट मंजूरी के पाकिस्तान को दे दिया। भाजपा सांसद ने दावा किया-बार-बार समझौते। यह नेहरू का नेतृत्व था। एक व्यक्ति के समझौते करने की वजह से भारत का नक्शा हमेशा के लिए बदल गया।

## मध्य प्रदेश में 50 मुस्लिम किन्नरों ने की घर वापसी, मंत्रोच्चार के बीच अपनाया सनातन



**बैतूल।** मध्य प्रदेश में बैतूल जिले के मुलताई में हिंदू विधि-विधान और मंत्रोच्चार के बीच मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र के मुस्लिम समुदाय से संबंधित 50 किन्नरों ने घर वापसी करते हुए सनातन अपनाया।किन्नर समाज के सदस्यों ने ताप्ती सरोवर सहित सात पवित्र कुंडों में स्नान किया। इसके बाद पंडितों ने रुद्राभिषेक, हवन और पूजन संपन्न कर उन्हें हिंदू धर्म में प्रवेश दिलाया। नगर के मध्य स्थित एक लॉन में राष्ट्रीय हिंदू सेना द्वारा आयोजन किया गया था, जिसमें किन्नर अखाड़े के संस्थापक स्वामी अजय दास ऋषि, जगद्गुरु काजल ठाकुर, महामंडलेश्वर प्रभा पटेल, महामंडलेश्वर रानी ठाकुर, जगद्गुरु मां संजना सहित विभिन्न जिलों से आए साधु-संत उपस्थित थे। इसमें बड़ी संख्या में किन्नर शामिल हुए।संस्कार से पूर्व किन्नरों का मां ताप्ती के पावन जल से शुद्धिकरण किया गया और ताप्ती मंदिर में विशेष पूजन हुआ। आयोजन के दौरान महाकाली मंदिर और ताप्ती तट स्थित मंदिर में किन्नर अखाड़े द्वारा घंटा भेंट किया गया।संस्कार के बाद किन्नर ढोल-नगाड़ों के साथ नाचते-गाते मंदिरों तक पहुंचे। राष्ट्रीय हिंदू सेना के प्रदेशाध्यक्ष दीपक मालवीय ने कहा कि यह अभियान किन्नर समाज को सांस्कृतिक रूप से जोड़ने का प्रयास है।

# दुष्कर्म के मामले में हाई कोर्ट ने पलटा फास्ट ट्रैक कोर्ट का फैसला, स्कूल के फादर को उम्रकैद



**बिलासपुर, 26 फरवरी [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ में कोरिया जिले के ज्योति मिशन स्कूल यौन उत्पीड़न मामले में बिलासपुर हाई कोर्ट ने फादर जोसेफ धन्ना स्वामी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषी पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। वारदात को छिपाने की दोषी दो महिला कर्मचारियों को सात-सात साल के जेल और पांच-पांच हजार जुर्माने की सजा सुनाई गई है। फैसला चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने सुनाया। हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने फास्ट ट्रैक कोर्ट बैकुंठपुर के उस फैसले को पलट दिया है, जिसमें तीनों दोषियों को बरी कर दिया गया था। कोरिया के सरभोका स्थित ज्योति मिशन स्कूल के छात्रावास में रहने वाली कक्षा चौथी की नौ वर्षीय छात्रा से नौ सितंबर, 2015 को फादर जोसेफ धन्ना स्वामी ने दुष्कर्म किया था। इसकी शिकायत बच्ची ने स्कूल की सिस्टर फिलोमिना केरकेट्टा और किसमरिया से की, तो उन्होंने मदद करने के बजाय छड़ी से उसकी पिटाई कर दी।इस मामले में पुलिस ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया था। फास्ट ट्रैक कोर्ट के फैसले को राज्य शासन ने दी थी चुनौतीमामले की सुनवाई के बाद नौ जनवरी, 2017 को बैकुंठपुर की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव की बात कहते हुए तीनों आरोपितों को बरी कर दिया था।राज्य सरकार ने इस फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। अब बिलासपुर हाई कोर्ट ने इस फैसले को त्रुटिपूर्ण ठहराया है।

हाई कोर्ट ने कहा कि फास्ट ट्रैक कोर्ट ने पीड़िता के ठोस बयानों और मेडिकल साक्ष्यों को तकनीकी आधार पर खारिज कर गलत फैसला सुनाया था।हाई कोर्ट ने अपने फैसले में डॉ. कलावती पटेल की मेडिकल रिपोर्ट का हवाला दिया है। रिपोर्ट में पीड़िता के निजी अंगों पर गंभीर चोटों और सूजन की पुष्टि हुई थी। एफएसएल रिपोर्ट में पीड़िता के कपड़ों पर शुक्राणु पाए गए थे, जो अपराध की पुष्टि करते हैं। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि दुष्कर्म पीड़िता की गवाही अपने आप में पूर्ण है और उसे किसी अन्य स्वतंत्र गवाह के समर्थन की अनिवार्य आवश्यकता नहीं है।हाई कोर्ट ने तीनों दोषियों को दो सप्ताह के भीतर फास्ट ट्रैक कोर्ट में सरेंडर करने का आदेश दिया है। ऐसा नहीं करने पर पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजेगी।

# दिल्ली के चांदनी चौक में 50 लाख की लूट: किनारी बाजार की ज्वेलरी शॉप पर बदमाशों ने बंदूक तानकर लूटे गहने

**नई दिल्ली।** पुरानी दिल्ली के चांदनी चौक स्थित किनारी बाजार में दिनदहाड़े तीन बदमाशों ने पिस्टल के बल ज्वैलरी की थोक दुकान से सोने के आभूषण लूटे और फरार हो गए। लूटी गए आभूषण की कीमत करीब 45 से 50 लाख रुपये बताई जा रही है। इस दौरान बदमाशों ने रिसेप्शन पर बैठी महिला कर्मचारी के सिर पर पिस्टल के बट से हमला कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली थाना पुलिस की टीम ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज खंगाल आरोपितों की पहचान की जा रही है। पुलिस को शक है कि इस वारदात के पीछे किसी कर्मचारी का हाथ हो सकता है। इसी को देखते हुए दुकान के कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है।पुलिस के मुताबिक, किनारी बाजार की गली अनार वाली में नत्थी सोने के आभूषण के थोक के व्यापार हैं। बुधवार को वह और उनके महिला समेत तीन कर्मचारी दुकान पर थे तभी दोपहर करीब 1.30 बजे पिस्टल लेकर तीन बदमाश शीशे का दरवाजा तोड़ते हुए दुकान में घुसे और रिसेप्शन पर बैठी महिला के सिर पर पिस्टल की बट से हमला किया। इसके बाद दुकान के मालिक नत्थी पर पिस्टल तानते हुए तिजौरी में रखे आभूषण अपने बैग में भरकर फरार हो गए।



बदमाशों ने करीब दस मिनट में पूरी वारदात को अंजाम दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया और मामला दर्ज कर दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में लिए। इसके बाद फारेंसिक की टीम भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस को शक है कि वारदात के पीछे किसी कर्मचारी या किसी जानकार का हाथ हो सकता है। इसलिए पुलिस कर्मचारियों से भी पूछताछ कर रही है। दिनदहाड़े हुई वारदात के बाद इलाके के दुकानदारों में दहशत का माहौल है।

## वैश्विक बाजार पर भारत की पकड़, गोयल बोले- भारत ने 38 देशों के साथ किए नौ मुक्त व्यापार समझौते

**मुंबई।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत ने 38 देशों के साथ नौ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) किए हैं, जिससे देश के सामानों को वैश्विक बाजारों के लगभग दो-तिहाई हिस्से में पहुंच प्राप्त होगी। मुंबई में ईवाई एंटरप्रेन्योर आफ द ईयर पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि ये समझौते भारतीय वस्तुओं, सेवाओं, कृषि और मत्स्य उत्पादों और श्रम प्रधान क्षेत्रों को नए बाजारों तक पहुंचने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि हर देश भारत के साथ व्यापार समझौता करना चाहता है। चिली इस सप्ताह एफटीए को अंतिम रूप देना चाहता है। हम कनाडा के साथ एफटीए वार्ता शुरू कर रहे हैं, उम्मीद है कि जब प्रधानमंत्री मार्क कार्नी सोमवार को यहां आएंगे तब यह शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत को संदर्भ की शर्तों को अंतिम रूप देने और कनाडा के साथ एफटीए वार्ता शुरू करने में सक्षम होना चाहिए।

## देश में सामाजिक दरारें अब भी बरकरार सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस भुइयां ने जताई चिंता

**हैदराबाद 26 फरवरी।** सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस उज्जल भुइयां ने समाज में व्याप्त गहरी दरारों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि गणतंत्र के 75 वर्ष बाद भी हम संवैधानिक नैतिकता के मानक से काफी दूर हैं। हैदराबाद में आयोजित एक सेमिनार में उन्होंने स्पष्ट किया कि संवैधानिक नैतिकता को सार्वजनिक नैतिकता पर तरजीह दी जानी चाहिए, भले ही वह बहुमत का विचार ही क्यों न हो।भेदभाव की कड़वी सच्चाई जस्टिस भुइयां ने अपनी बेटी की सहेली का उदाहरण दिया, जो एक पीएचडी स्कॉलर है। उसे दिल्ली में सिर्फ उसकी मुस्लिम पहचान के कारण छात्रावास में कमरा देने से मना कर दिया गया। उन्होंने एक अन्य घटना का भी जिक्र किया जहां दलित रसोइये द्वारा मिड-डे मील बनाने पर अभिभावकों ने विरोध किया था।उन्होंने कहा, ये चंद उदाहरण यह दिखाते हैं कि हमारी सामाजिक दरारें कितनी गहरी हैं। उनके अनुसार, विवाह और आवास जैसे मामलों में घरेलू और संवैधानिक नैतिकता का अंतर स्पष्ट दिखता है। न्यायपालिका में प्रतिनिधित्व व चुनौतियां न्याय में बाधाओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि वकीलों की भारी फीस के कारण आम नागरिक के लिए अदालत पहुंचना लगभग असंभव हो गया है। हालांकि, उन्होंने तेलंगाना न्यायपालिका में बढ़ती लैंगिक और सामुदायिक भागीदारी की सराहना की। राज्य में वर्तमान में 76 एससी, 46 एसटी और 25 अल्पसंख्यक न्यायिक अधिकारी कार्यरत हैं।

झारखंड में SIR पर JMM ने चुनाव आयोग को चेताया

# बंगाल जैसी स्थिति पर सड़कों पर उतरकर विरोध की धमकी




**रांची।** बंगाल में एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) को लेकर सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्देश के बाद झारखंड की राजनीति गरमा गई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने चुनाव आयोग पर तीखा प्रहार करते हुए उसे निष्पक्ष तरीके से काम करने की नसीहत दी है।झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि चुनाव आयोग को किसी राजनीतिक दल, खासकर भाजपा के टूल के रूप में काम करना बंद करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि झारखंड में प्रस्तावित एसआईआर के दौरान बंगाल जैसी स्थिति पैदा करने की कोशिश की गई, तो इसका कड़ा विरोध होगा। पार्टी ने आरोप लगाया कि यदि भाषा, पहनावे या पहचान के आधार पर मुस्लिम, ईसाई और दलित समुदायों को निशाना बनाया गया तो विरोध सिर्फ राजनीतिक नहीं बल्कि सड़कों पर भी देखने को मिल सकता है। झामुमो ने स्पष्ट कहा कि ऐसी स्थिति के लिए चुनाव आयोग को तैयार रहना चाहिए।

झामुमो ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि देश के इतिहास में बहुत कम अवसरों पर अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 142 का उपयोग किया है। मंदिर निर्माण और भोपाल गैस त्रासदी जैसे मामलों के बाद अब बंगाल एसआईआर पर दिया गया निर्देश भी उसी श्रेणी में आता है। पार्टी के अनुसार, यह फैसला न केवल चुनाव आयोग बल्कि केंद्र की सत्ता में बैठी भाजपा के लिए भी एक बड़ा संदेश है कि लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता अनिवार्य है।

# ओडिशा के कंधमाल में इनामी नक्सली अन्वेश की सरेंडर से पहले हत्या, 22 लाख रुपए का था इनामी



**संबलपुर।** हाल ही में कंधमाल जिला में सुरक्षा बल और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो नक्सलियों के मारे जाने के बाद अब एक और सनसनीखेज मामला सामने आया है। कंधमाल जिला में सक्रिय केकेबीएन डिविजन के इनामी और कुख्यात नक्सली अन्वेश की हत्या कर उसका शव दारिंगबाड़ी थाना अंतर्गत ताराबाड़ी जंगल में दफना दिया गया था। मंगलवार के दिन अन्वेश का सड़ा गला शव मिलने के बाद बुधवार के दिन साइंटिफिक टीम घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरु की। जिला पुलिस अधीक्षक हरिश बी.सी. ने प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी देते हुए बताया कि अन्वेश अपनी टीम के दर्जन भर सदस्यों के साथ सरेंडर करना चाहता था, लेकिन सरेंडर से पहले ही उसकी हत्या कर दी गई। उसकी हत्या के पीछे केकेबीएन डिविजन के एरिया कमेटी मेंबर शुकरु का हाथ होने का संदेह जताया जा रहा है। शुकरु ने बीते 29 जनवरी 2026 को अन्वेश को मारकर जंगल में दफना दिया गया था। मंगलवार, 24 फरवरी के दिन अन्वेश के शव को ज़मीन से खोदकर निकाला गया और पोस्टमार्टम कराई गई। इस बारे में दारिंगबाड़ी पुलिस स्टेशन में मर्डर केस दर्ज किया गया है। बताया गया है कि अन्वेश का घर छत्तीसगढ़ के बीजापुर में है। उसके सिर पर 22 लाख रुपये का इनाम था। कंधमाल ने बताया कि अन्वेश सरेंडर करना चाहता था और शुकरू ने उसे मार डाला।

## हमारा दिल आज भी हिंदुस्तानी, पीएम मोदी की यात्रा से भावुक हुए प्रवासी भारतीय

**तेल अवीव।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऐतिहासिक इजरायल यात्रा ने वहां रह रहे प्रवासी भारतीयों के बीच गहरा उत्साह और भावनात्मक जुड़ाव पैदा किया है। भारतीय समुदाय के लोगों ने इस दौरे को दोनों देशों के बीच सदियों पुराने और अटूट संबंधों का एक जीवंत प्रमाण बताया है।गुजरात, महाराष्ट्र और मणिपुर जैसे विभिन्न भारतीय राज्यों से ताल्लुक रखने वाले यहूदी समुदाय के लोगों ने मोदी से मुलाकात की। प्रवासियों ने कहा कि भले ही वे इजरायल में बस गए हैं, लेकिन उनका दिल आज भी हिंदुस्तानी है। उन्होंने भारत में यहूदियों को मिले सम्मान और प्रेम को याद किया। प्रधानमंत्री मोदी का तेल अवीव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ भव्य स्वागत हुआ। इस अवसर पर मणिपुर की दृष्टिबाधित गायिका दीना सेम्ते की उपस्थिति ने सांस्कृतिक संबंधों को और प्रगाढ़ किया। प्रवासियों ने कहा कि मोदी की यह यात्रा न केवल कूटनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भारत और इजरायल के बीच विकसित भारत के लक्ष्य और बढ़ती रणनीतिक साझेदारी की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर भी है।



## ई-चालान एप डाउनलोड करना पड़ा भारी

### देहरादून के शख्स ने गंवाए 1.29 लाख, पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

**देहरादून।** ई-चालान के फर्जी मैसेज और एप से सावधान रहें। इस तरह के लिंक न क्लिक करें। पटेलनगर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक शख्स ने चालान के फर्जी मैसेज पर भरोसा करके ठगों के भेजे लिंक से चालान एप को डाउनलोड किया था। उसके बाद उनके बैंक खाते से 1.29 लाख रुपये निकल गए। ऐसी तमाम वारदात हो चुकी हैं। पुलिस ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।थानाध्यक्ष चंद्रभान अधिकारी ने बताया कि ठग एपीके फाइल भेजते हैं, जिसके इंस्टॉल होते ही मोबाइल का कंट्रोल उनके पास पहुंच जाता है। घटना चंद्रबनी निवासी संदीप कुमार कंबोज के साथ हुई।उन्हें किसी नंबर से एपीके फाइल भेजी गई थी, जिसके इंस्टाल होते ही नौ से 13 फरवरी के बीच उनके दो बैंक खाते खाली हो गए। शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# लुधियाना में गोल्डी बराड़ के नाम पर बीजेपी नेता से मांगी 5 करोड़ की रंगदारी, दहशत में परिवार



**लुधियाना।** भाजपा नेता व प्रॉपर्टी डीलर गुरबीर सिंह गरचा को गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के नाम से पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगते हुए जान से मारने की धमकी दी गई है। गुरबीर सिंह गरचा के मुताबिक 18 फरवरी को विदेशी नंबर से वायस मैसेज मिला, जिसमें भेजने वाले ने खुद को गोल्डी बराड़ बताते हुए पांच करोड़ रुपये की मांग की।इसके बाद लगातार कई दिनों तक कॉल आती रहीं, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। उसने लिखा कि तू कॉल इग्नोर कर रहा है, गोलियां कैसे इग्नोर करेगा। तुझे भ्रम है कि पुलिस तुझे बचा लेगी। अब कॉल नहीं आएगी, सीधे मुलाकात होगी। धमकी के बाद गरचा और उनका परिवार दहशत में है। थाना मॉडल टाउन के एसएचओ जसविंदर सिंह ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया है। विदेशी नंबर और डिजिटल साक्ष्यों की तकनीकी जांच की जा रही है। इस बीच, गरचा ने हाईकोर्ट में सुरक्षा कवर की मांग को लेकर याचिका भी दायर की है। कैंप खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल अजीतसर मोही के प्रिंसिपल गुरमीत सिंह चावला को जान से मारने की धमकी वाला पत्र मिला है। डीएसपी वरिंदर सिंह खोसा के अनुसार पत्र में धार्मिक आधार पर आपत्ति जताते हुए लिखा गया है कि यदि उन्होंने दाढ़ी कटवाना और बालों में रंग लगाना बंद नहीं किया तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा।

पत्र में गांव की संस्था 'संत बाबा निहाल सिंह वेलफेयर क्लब' और कनाडा में रह रहे एक एनआरआई का भी उल्लेख किया गया है। प्रिंसिपल और स्कूल कमेटी ने थाना सुधार में शिकायत दर्ज करवाई है। वेलफेयर क्लब के सरपरस्त हरविंदरजीत सिंह खालसा ने आरोपों को शरारती तत्वों की साजिश बताते हुए कहा कि संस्था को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।शहर में लगातार सामने आ रहे धमकी और रंगदारी के मामलों ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक पर विवाद, न्यायपालिका में भ्रष्टाचार को पढ़ाने के निर्णय में शामिल थे 57 विषय विशेषज्ञ-शिक्षाविद्

**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी की आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में बच्चों को सिर्फ न्यायपालिका में भ्रष्टाचार जैसी विवादित विषयवस्तु को पढ़ाने के निर्णय की गाज किस पर गिरती है, यह तो वक्त बताएगा लेकिन सीधे तौर पर 57 विषय विशेषज्ञ और शिक्षाविद इसके लिए जिम्मेदार थे।पाठ्यपुस्तक निर्माण से लेकर उनमें शामिल विषयवस्तु को ठीक से जांचना और परखना और उसे अंतिम रूप देना इन्हीं की जिम्मेदारी थी। जानकारों की मानें तो पहली नजर में यह पूरी तरह से लापरवाही का मामला है, जिसे किसी भी स्तर पर ठीक ढंग से नहीं जांचा गया। मंत्रालय के स्तर पर हालांकि पाठ्यक्रम बदलाव में कोई सीधी भूमिका नहीं होती है लेकिन यह भी सामने आना बाकी है कि क्या अनौपचारिक रूप से कोई मंथन हुआ था। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत इस पाठ्यपुस्तक को तैयार करने के लिए तीन अलग-अलग कमेटी गठित की गई थीं। इनमें पहली कमेटी पाठ्यक्रम निर्माण समिति थी, जिसमें अध्यक्ष सहित कुल



15 सदस्य थे। इसके अध्यक्ष आईआईटी गांधीनगर के गेस्ट प्रोफेसर मिशेल डैनिनो व संजीव सान्याल थे।वहीं पाठ्यक्रम निर्माण समिति के कामकाज पर नजर रखने के लिए एक अन्य 23 सदस्यीय समीक्षक समिति बनाई गई थी। इसके अलावा पाठ्यपुस्तक में शामिल सामग्री को अंतिम रूप देने के लिए 19 सदस्यीय एक राष्ट्रीय पाठ्यक्रम व शिक्षण अधिगम सामग्री समिति बनाई गई थी। एनसीईआरटी से सेवानिवृत्त एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि किसी भी विषय के पाठ्यक्रम को तैयार करने के लिए इसलिए भारी भरकम कमेटी रखी जाती है ताकि किसी स्तर पर गड़बड़ी न हो। वहीं, इसकी कई स्तरों पर निगरानी भी रखी जाती है। इस मामले में पहली नजर में लापरवाही नजर आती है।

इसमें इस विषयवस्तु को बगैर सोच-विचार के शामिल गया, बाद में उसे किसी न देखा नहीं और वह किताब भी छप गई। एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों को तैयार करने की जो व्यवस्था है, उनमें पहले चरण में बच्चों को किस कक्षा के स्तर पर क्या पढ़ाना है, इसका एक फ्रेमवर्क तैयार किया जाता है। बाद में उसी फ्रेमवर्क के तहत कमेटी को नई पाठ्यपुस्तकों को तैयार करने का जिम्मा दिया जाता है।इसके लिए विषय की जरूरत को देखते हुए उन संबंधित क्षेत्रों के विशेषज्ञों को कमेटी में शामिल किया जाता है। ये संबंधित विषयों से जुड़े शोध और तथ्यपरक सामग्री को इसमें जोड़ने की सिफारिश करते है। इस दौरान प्रत्येक विषयवस्तु को शामिल करने से पहले उसे लेकर चर्चा भी की जाती है।सूत्रों की मानें तो स्वायत्त संस्था होने के चलते एनसीईआरटी को इस बात की पूरी स्वायत्तता दी जाती है कि उसे छात्रों के हितों में क्या विषय वस्तु पढ़ानी है।

## महंगे होंगे भारतीय सोलर उत्पाद: ट्रंप ने लगाया 126 प्रतिशत शुल्क, द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर उठे सवाल

नई दिल्ली। अमेरिका ने भारत पर अनुचित सब्सिडी देने का आरोप लगाते हुए कुछ भारतीय सौर उत्पादों के आयात पर 125.87 प्रतिशत का प्रारंभिक प्रतिकारी शुल्क (काउंटरवेलिंग ड्यूटी) लगाने का ऐलान किया है।अमेरिका ने इंडोनेशिया और लाओस से आयातित क्रिस्टलाइन सिलिकॉन फोटोवोल्टिक सेल, चाहे वे माड्यूल में संयोजित हों या नहीं पर भी अलग-अलग शुल्क दरों का ऐलान किया है। ये शुल्क अमेरिकी प्रशासन द्वारा 24 फरवरी से सभी देशों पर घोषित 10 प्रतिशत शुल्क के अतिरिक्त हैं। आदेश के अनुसार, अमेरिका में भारत से सौर आयात 2022 के 8.386 करोड़ डॉलर से बढ़कर 2024 में 79.26 करोड़ डॉलर हो गया। प्रतिकारी शुल्क कंपनियों को सब्सिडी वाले आयात में वृद्धि से बचाने में मदद करते हैं।

# प्रयागराज में अभिषेक बन सरफराज ने युवती को जाल में फंसाया, चाकू की नोक पर ले जाकर किया दुष्कर्म

**प्रयागराज।** जिले में एक बार फिर लव जिहाद का मामला सामने आया है। सराइनायत थाना क्षेत्र में नाम बदलकर एक युवक ने अनूसूचित जाति की लड़की से दोस्ती की। चाकू के बल पर उसका अपहरण किया और फिर होटल में ले जाकर दुष्कर्म भी किया।बुधवार शाम युवती के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपित सरफराज अंसारी को पकड़ लिया। उससे पूछताछ की जा रही है। बताया गया है कि सरायइनायत थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली 23 वर्षीय अनुसूचित जाति की युवती ने आठवीं तक की पढ़ाई की है। उसके पिता का निधन हो चुका है। भाई उसकी परवरिश करता है। युवती इंस्टाग्राम की यूजर है। आरोप है कि करीब तीन साल पहले इंस्टाग्राम पर अभिषेक नाम से बनी आईडी से उसके पास रिक्वेस्ट आई। युवती ने उसे स्वीकार कर लिया तो चैटिंग होने लगी। इस बीच दोनों ने एक-दूसरे को अपना मोबाइल नंबर दिया तो धीरे-धीरे बातचीत होने लगी। युवती इंस्टाग्राम वाले दोस्त को अभिषेक समझकर बात करती रही। यह भी आरोप है कि सराइयनायत थाना क्षेत्र के चैनपुर तेंदुई गांव निवासी अभिषेक उर्फ सरफराज मंगलवार रात बाइक से आया और युवती को साथ चलने के लिए कहा।युवती ने मना किया तो चाकू के बल पर उसे अगवा कर लिया और फिर एक होटल में ले गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान होटल कर्मचारी ने दोनों के पहचान पत्र देखे तो अलग-अलग धर्म के निकले, तब उसने पुलिस को खबर दी। थोड़ी देर में पुलिस वहां पहुंची और युवक व युवती को पकड़कर थाने ले आई। पूछताछ में सच्चाई सामने आई तो युवती भी अवाक रह गई। उसे नहीं पता था कि अभिषेक का असली नाम सरफराज अंसारी है। फिलहाल बुधवार शाम युवती के भाई ने पुलिस को तहरीर देते हुए चाकू के बल पर अपहरण करने, दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। थानाध्यक्ष सरायइनायत संजय गुप्ता का कहना है कि इंस्टाग्राम पर नाम बदलकर आरोपित ने दोस्ती की थी। मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया गया है और पूछताछ की जा रही है।



# वजन घटाने की कोशिश करने के बावजूद नहीं हो रहा फायदा? हो सकते हैं ये कारण

**वजन घटाने के लिए लोग क्या-क्या नहीं करते हैं, फिर भी उन्हें मनचाहा परिणाम नहीं मिल पाता है। अगर आप भी वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं और आपको लगता है कि आप सही दिशा में काम कर रहे हैं, फिर भी कुछ खास नतीजे नहीं मिल रहे हैं तो आपकी असफलता की वजहें छिपी हुई हो सकती हैं। आइए आज हम आपको कुछ छिपी हुई वजहों के बारे में बताते हैं।**



### पूरी नींद न लेना

नींद पूरी न होने से वजन कम करने की कोशिशों में रुकावट आ सकती है। जब आप पर्याप्त नींद नहीं लेते तो आपका शरीर हार्मोनल गड़बड़ी का शिकार हो सकता है, जिससे भूख और खाने की इच्छा बढ़ जाती है। इसके अलावा नींद पूरी न होने से शरीर की ऊर्जा खर्च करने की क्षमता कम हो जाती है। इससे वजन घटाने की प्रक्रिया धीमी हो सकती है।

### ज्यादा तनाव लेना

अगर आप रोजाना किसी न किसी कारण से तनाव लेते हैं तो यह भी वजन घटाने की प्रक्रिया में रुकावट डाल सकता है। तनाव के कारण शरीर में कुछ हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जिससे भूख और खाने की इच्छा बढ़ जाती है। इसके अलावा तनाव से शरीर में चर्बी जमा होने की प्रवृत्ति भी बढ़ जाती है, जिससे वजन घटाने की प्रक्रिया धीमी हो जाती है।

### पानी की कमी

शरीर में पानी की कमी भी वजन घटाने की प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है। अगर आप रोजाना पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पी रहे हैं तो आपको वजन घटाने में दिक्कत आ सकती है। पानी की कमी से शरीर की ऊर्जा खर्च करने की क्षमता कम हो जाती है। इसके अलावा पानी की कमी से शरीर में गंदगी बाहर निकालने की क्षमता भी कम हो जाती है।

### पोषक तत्वों की कमी

अगर आपकी खाने की आदतों में जरूरी पोषक तत्वों की कमी है तो वजन कम करने की कोशिशें बेकार हो सकती हैं। पोषक तत्वों की कमी से शरीर में जरूरी विटामिन और मिनरल्स की कमी हो सकती है, जिससे वजन घटाने की प्रक्रिया धीमी हो जाती है। इसके अलावा पोषक तत्वों की कमी से शरीर की बीमारियों से लड़ने की क्षमता भी कम हो जाती है। इसलिए वजन घटाने के लिए पोषक तत्वों से भरपूर आहार लें।

### एक्सरसाइज न करना

अगर आप वजन घटाने के लिए केवल खान-पान पर ध्यान दे रहे हैं तो यह गलती हो सकती है। वजन कम करने के लिए खान-पान के साथ-साथ एक्सरसाइज करना भी जरूरी है।

एक्सरसाइज से शरीर में रक्त का बहाव बेहतर होता है और शरीर की मांसपेशियों को मजबूती मिलती है। इसके अलावा एक्सरसाइज से शरीर से गंदगी बाहर निकल जाती है, जिससे वजन घटाने की प्रक्रिया तेज हो जाती है।



## डांस अक्रॉस द वर्ल्ड दे रहा लोकनृत्य को नया मंच, रूस की परंपराएं से रुबरू कराएंगी शक्ति मोहन

आज के दौर में, जब ग्लोबलाइजेशन के नाम पर लोककलाएं और पारंपरिक नृत्य धीरे-धीरे हाशिए पर जाते दिख रहे हैं, ऐसे समय में कुछ कलाकार ऐसे भी हैं, जो इन्हें दुनिया के सामने नए अंदाज में पेश कर रहे हैं। इसी सोच और जुनून के साथ भारतीय डांस जगत की जानी-मानी कलाकार शक्ति मोहन अपने खास यूट्यूब प्रोजेक्ट डांस अक्रॉस द वर्ल्ड के जरिए एक वैश्विक सांस्कृतिक सफर पर निकली हैं। उनका यह सफर सिर्फ देशों की सीमाएं पार करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अलग-अलग सभ्यताओं को समझने और उन्हें आज की युवा पीढ़ी से जोड़ने की कोशिश भी है। हाल ही में शक्ति मोहन ने डांस अक्रॉस द वर्ल्ड का नया एपिसोड लॉन्च किया, जिसमें वह रूस की समृद्ध और शक्तिशाली लोकनृत्य परंपराओं को एक्सप्लोर करती नजर आईं। इस खास एपिसोड की लॉन्चिंग में उनके करीबी दोस्त, परिवार और इंडस्ट्री से जुड़े कई लोग मौजूद रहे, जिन्होंने उनके इस विजन की खुलकर तारीफ की।


डांस अक्रॉस द वर्ल्ड को शक्ति मोहन ने ड्रीम प्रोजेक्ट बताया और कहा, मैं इसके जरिए हजारों साल पुरानी लोकनृत्य शैलियों को आज की पीढ़ी तक पहुंचाना चाहती हूं। इस शो का पहला सीजन कई देशों की यात्रा पर आधारित रहा, जहां मैंने अलग-अलग संस्कृतियों के पारंपरिक नृत्यों को न सिर्फ सीखा, बल्कि उन्हें दर्शकों के सामने पेश भी किया।

शक्ति मोहन ने कहा, दुनिया में कई ऐसी नृत्य परंपराएं हैं, जो बेहद सुंदर होने के बावजूद धीरे-धीरे गुमनाम होती जा रही हैं। इन कला रूपों को बचाने के लिए जरूरी है कि उन्हें आज के युवाओं के सामने इस तरह पेश किया जाए, जिससे वे उनसे जुड़ाव महसूस करें। मेरे लिए यह शो दिल के बेहद करीब है। मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे अपने दो सबसे बड़े प्यार, यानी ट्रैवल और डांस, को एक साथ जीने का मौका मिल रहा है।

रूस के लोकनृत्य को शक्ति मोहन ने अपने करियर के सबसे अलग और चुनौतीपूर्ण अनुभवों में से एक बताया। उन्होंने कहा, रूसी डांस अपनी तकनीक, गति और भाव-भंगिमा के मामले में बेहद अनोखा है। एक भारतीय डांसर के तौर पर मुझे यह बेहद खास लगा। मुझे भरतनाट्यम जैसी शास्त्रीय नृत्य शैली पसंद है, जिसमें पैरों की जटिल थाप और सटीक मुद्राओं का अहम रोल होता है, जबकि रूसी डांस की भाषा बिल्कुल अलग है। इसी वजह से इसे कम समय में सीखना और मंच पर उतारना मेरे लिए चुनौतीपूर्ण रहा।

उन्होंने कहा, रूस में मुझे लोगों का अपनापन सबसे ज्यादा यादगार रहा। वहां की एक रूसी कोरियोग्राफर मेरी मेहनत और समर्पण से इतनी प्रभावित हुईं कि उन्होंने मुझे पारंपरिक हेडगियर गिफ्ट किया। यह तोहफा मेरे लिए दो संस्कृतियों के बीच बने सम्मान और जुड़ाव का प्रतीक है। भले ही भारतीय और रूसी डांस की शैलियां अलग हों, लेकिन उनमें खूबसूरत फ्यूजन की संभावनाएं मौजूद हैं।

## रियलिटी शो द 50 से बाहर आने के बाद मोनालिसा का दिखा ग्लैमरस अंदाज, शेयर की खूबसूरत तस्वीरें



भोजपुरी सिनेमा और हिंदी टीवी सीरियल्स की मशहूर अभिनेत्री मोनालिसा आज के समय में एक जाना-माना चेहरा हैं, जो अपनी खूबसूरती और एक्टिंग के अलावा शानदार डांस मूव्स के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस ने 125 से अधिक भोजपुरी फिल्मों के साथ-साथ हिंदी, बंगाली, ओडिया, तमिल, कन्नड़ और तेलुगु मूवी में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरा है। मोनालिसा हाल ही में देश के एक नए और यूनिक रियलिटी शो द 50 से बाहर आई हैं, जिसमें उन्होंने पहली बार अपने पति विक्रांत सिंह राजपूत के साथ एक प्रतियोगी के रूप में भाग लिया था। द 50 शो के पैलेस से बाहर आने के बाद मोनालिसा का ग्लैमरस अंदाज देखने को मिल रहा है। अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम से कुछ बेहद खूबसूरत और ग्लैमरस तस्वीरें शेयर कीं, जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। एक्ट्रेस ने फोटो पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा, डोपामाइन... बेहद जरूरी।

मोनालिसा का असली नाम अंतरा बिस्वास है, जिनका जन्म 21 नवंबर 1982 को कोलकाता, पश्चिम बंगाल में एक बंगाली हिंदू परिवार में हुआ था। अभिनेत्री ने 17 जनवरी, 2017 को देश के सबसे बड़े टीवी रियलिटी शो बिग बॉस हाउस में विक्रांत सिंह राजपूत के साथ शादी की, जो कि खुद एक प्रसिद्ध भोजपुरी फिल्म अभिनेता हैं।

मोनालिसा ने बिग बॉस 10 और टीवी सीरियल नजर में मोहना राठौड़ के रूप में बड़ी पहचान बनाई। नजर में उनके डायन के किरदार को लोगों ने काफी पसंद किया था। इसी के साथ भोजपुरी फिल्मों ने उन्हें इंडस्ट्री में एक मशहूर हस्ती बना दिया।

अभिनेत्री सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी बोल्ड व स्टाइलिश तस्वीरों के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस भोजपुरी इंडस्ट्री की बड़ी अभिनेत्रियों में से एक हैं, जिनका नाम सबसे अधिक फीस लेने वाली एक्ट्रेस में शामिल है। वहीं, मोनालिसा की भोजपुरी जर्नी की बात करें, तो उन्होंने इंडस्ट्री के सबसे बड़े कलाकारों के साथ काम किया है, जिनमें पवन सिंह, मनोज तिवारी और निरहुआ जैसे सितारों के नाम शुमार हैं।

## जोड़ों के दर्द को कम करने में मदद कर सकती हैं ये 5 जड़ी बूटियां

जोड़ों का दर्द अक्सर खराब जीवनशैली, गलत खान-पान और उम्र बढ़ने के कारण होता है। कई लोग इस समस्या से राहत पाने के लिए दवाइयों का सहारा लेते हैं, लेकिन इनके साथ कुछ जड़ी बूटियों का सेवन भी जोड़ने से दर्द से काफी राहत मिल सकती है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी जड़ी बूटियों के बारे में बताते हैं, जो जोड़ों के दर्द को कम करने में मदद कर सकती हैं।

**हल्दी**- हल्दी में एक खास तत्व होता है, जो जोड़ों के दर्द को कम करने में मदद कर सकता है। यह तत्व सूजन और दर्द में राहत दिलाने में सहायक होता है। इसके लिए गर्म दूध में हल्दी मिलाकर पीना फायदेमंद हो सकता है। यह न केवल दर्द को कम करता है, बल्कि शरीर को अंदर से भी मजबूत बनाता है। नियमित सेवन से जोड़ों की सेहत में भी सुधार होता है।

**अदरक**-अदरक भी जोड़ों के दर्द को कम करने में सहायक होता है। इसमें एक खास तत्व होता है, जो सूजन कम करने में मदद करता है। अदरक की चाय या फिर सीधे अदरक का रस पीने से दर्द में राहत मिल सकती है। इसके अलावा अदरक का सेवन खाने में भी किया जा सकता है। अदरक के नियमित सेवन से जोड़ों की सेहत में सुधार होता है और दर्द में भी कमी आती है।

**तुलसी**-तुलसी को में कई प्रकार के विटामिन और खनिज होते हैं, जो जोड़ों की सेहत सुधारने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद तत्व सूजन कम करने और दर्द निवारण में सहायक होते हैं। तुलसी की चाय पीने से या फिर तुलसी की पत्तियों का रस निकालकर पीने से भी जोड़ों का दर्द कम होता है। इसके अलावा तुलसी का सेवन खाने में भी किया जा सकता है।



**लहसुन**-लहसुन का सेवन भी जोड़ों के दर्द को कम करने में मदद कर सकता है। इसमें एक खास तत्व होता है, जो सूजन कम करने में मदद करता है। लहसुन की कली को कच्चा चबाने या फिर उसका तेल लगाकर मालिश करने से भी दर्द में राहत मिलती है। इसके अलावा लहसुन का सेवन खाने में भी किया जा सकता है। लहसुन के नियमित सेवन से जोड़ों की सेहत में सुधार होता है।

**नीम**-नीम को औषधीय गुणों का खजाना माना जाता है, जिसमें कई प्रकार के विटामिन और खनिज होते हैं, जो जोड़ों की सेहत सुधारने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद तत्व सूजन कम करने और दर्द निवारण में सहायक होते हैं। नीम की पत्तियों का काढ़ा बनाकर पीने से या फिर नीम की पत्तियों का रस निकालकर पीने से भी जोड़ों का दर्द कम होता है। अलावा नीम के तेल से मालिश करने से भी आराम मिलता है।

## सू- दोकू क्र.327

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र326 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

## शब्द सामर्थ्य -327

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्‌भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. क्रीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| ■ | 8 | 9 | | | | ■ | ■ | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | 13 | ■ |
| 14 | | ■ | 15 | ■ | ■ | 16 | | 17 |
| | ■ | 18 | | 19 | 20 | ■ | 21 | |
| 22 | | | ■ | 23 | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | 24 | 25 | |
| 26 | | | | ■ | 27 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 28 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 326 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

## 'भूत बंगला' से सामने आया अक्षय कुमार का नया लुक

अक्षय कुमार की आगामी फिल्म 'भूत बंगला' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म के जरिए अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की हिट जोड़ी 16 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। यही कारण है कि फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब आज मेकर्स ने फिल्म का एक नया मोशन पोस्टर जारी किया है। मेकर्स की ओर से जारी किए गए फिल्म के नए मोशन पोस्टर में अक्षय कुमार एक डरावने सिंहासन पर बैठे नजर आ रहे हैं। इस सिंहासन पर डरावने भूतों के सिर बने हुए हैं, जो मुंह फैलाते नजर आ रहे हैं। इस पर बैठे अक्षय कुमार भी मुंह फैलाए हुए हैं। आंखों पर काला चश्मा लगाए अक्षय अपने गले और हाथों में कई रुद्राक्ष और अन्य मालाएं पहने हुए हैं। जबकि एक हाथ में वो माला जप भी रहे हैं।

## जानवरों को फंसाने बिछाये खुले तार में फंस कर युवक की मौत, जांच जारी



**जनकपुर, कोटाडोल।** एमसीबी जिले के कोटाडोल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खमरौध के परेवाडोल में जानवरों के शिकार के लिए जीआई की नंगी तार में प्रवाहित किया जा रहा बिजली करंट के चपेट में आया एक युवक की मौत हो गयी वहीं साथी युवक घायल हो गया। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने मृतक का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक नन्दलाल पंडो अपने साथी राजेश पंडो के साथ मछली पकड़ने गया था। मछली पकड़कर वापस घर आ रहा था तभी रास्ते में जानवरों के शिकार के लिए खेत में जमीन से एक फिट की ऊचाई पर खूंटी गाड़कर फैलाई गयी जीआई की नंगी तार में प्रवाहित की जा रही बिजली करंट की चपेट में 37 वर्षीय नंदलाल पंडो आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। वहीं साथी राजेश पंडो भी करंट की चपेट में आकर घायल हो गया जिसे ग्रामीणों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जनकपुर पंहुचा दिए जहां इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही कोटाडोल थाना में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक चित्र बहोर यादव दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया, वहीं अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच प्रारम्भ कर पतासाजी में जुट गयी है।

# छत्तीसगढ़ का बजट जनता के साथ न्याय या सिर्फ घोषणा

### डॉ. विनय शंकर सिंह का भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार

**मनेन्द्रगढ़।** छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा मंगलवार को प्रस्तुत राज्य बजट को लेकर पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ. विनय शंकर सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह बजट जनहित के मुद्दों से भटका हुआ है और युवाओं और किसानों को निराश करने वाला साबित होगा। डॉ. सिंह ने बजट को दिशाहीन और जनभावनाओं के विपरीत बताते हुए कहा कि इसमें आम जनता, किसानों, युवाओं और कर्मचारियों की मूलभूत अपेक्षाओं की अनदेखी की गई है।



उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने बड़े-बड़े दावों और घोषणाओं के जरिये बजट को आकर्षक बनाने का प्रयास किया है लेकिन जमीनी हकीकत में राहत देने वाली कोई ठोस रणनीति नजर नहीं आती। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और ग्रामीण विकास जैसे अहम मुद्दों पर स्पष्ट और प्रभावी प्रावधानों का अभाव है। किसानों के लिये समर्थन मूल्य, धान खरीदी और बोनस पर ठोस गारंटी नहीं दी गई है साथ ही सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये भी स्पष्ट नीति सामने नहीं आई। युवाओं के मुद्दे पर डॉ. सिंह ने कहा कि बजट में रोजगार सृजन का स्पष्ट रोडमैप नहीं है। प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता, नई भर्तियों की समयबद्ध प्रक्रिया और स्वरोजगार योजनाओं को लेकर भी ठोस पहल की आवश्यकता थी जो इस बजट में दिखाई नहीं देती। उन्होंने स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में वास्तविक निवेश की मांग करते हुए कहा कि इन बुनियादी क्षेत्रों को मजबूत किये बिना प्रदेश का समग्र विकास संभव नहीं है साथ ही महंगाई से राहत के लिये प्रभावी कदम उठाने की भी आवश्यकता बताई। डॉ. विनय शंकर सिंह ने सरकार के समक्ष चार प्रमुख मांगें रखीं जिनमे धान खरीदी और बोनस पर स्पष्ट नीति, युवाओं के लिये रोजगार सृजन का ठोस रोडमैप, स्वास्थ्य और शिक्षा में वास्तविक निवेश, महंगाई से राहत के प्रभावी कदम प्रमुख है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब केवल भाषण नहीं बल्कि ठोस परिणाम चाहती है। विपक्ष जनहित के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जायेगा और सरकार से जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में कदम बढ़ाने की मांग करेगा।

## कर्मचारी हित में छत्तीसगढ़ सरकार का बड़ा फैसला-साहू

### कैशलेस इलाज से बढ़ेगा भरोसा और मनोबल



**मनेन्द्रगढ़।** विधानसभा के बजट सत्र में प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों और उनके परिवारजनों के लिये कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने के निर्णय पर छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ ने प्रसन्नता व्यक्त की है। संघ के प्रांतीय कार्यालयीन सचिव एवं जिलाध्यक्ष एमसीबी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी दीपक कुमार साहू ने इसे कर्मचारी वर्ग के लिये ऐतिहासिक और राहतकारी कदम बताया है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब गंभीर बीमारियों के इलाज में बढ़ते खर्च ने कर्मचारियों को आर्थिक असुरक्षा की स्थिति में ला खड़ा किया था। श्री साहू ने कहा कि अब सूचीबद्ध अस्पतालों में बिना अग्रिम भुगतान के उपचार की सुविधा मिलने से कर्मचारियों को ना केवल आर्थिक राहत मिलेगी बल्कि मानसिक तनाव भी कम होगा। इससे वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन अधिक आत्मविश्वास और समर्पण के साथ कर सकेंगे। संघ ने अपेक्षा व्यक्त की कि योजना का क्रियान्वयन पारदर्शी और प्रभावी ढंग से किया जायेगा ताकि प्रदेश के सभी पात्र कर्मचारियों और उनके परिवारों तक इसका वास्तविक लाभ पहुंचे।उन्होंने कहा कि यह पहल सरकार की संवेदनशील और कर्मचारी केन्द्रित सोच का परिचायक है जो प्रशासनिक तंत्र को और सशक्त बनायेगी।

## बिहान की मदद से सफल व्यवसायी के तौर पर पहचान बना रहीं हैं रेणुबाला



**कोरिया बैकुंठपुर।** सामाजिक परिवेश में केवल गृहिणी की भूमिका तक सीमित रहने वाली महिलाएं अब अपनी मेहनत और आत्मविश्वास से सफल व्यवसायी के रूप में पहचान स्थापित कर रही हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के माध्यम से महिलाओं को न केवल सामूहिक मंच मिला है, बल्कि आर्थिक सशक्तिकरण की नई राह भी मिली है।

कोरिया जिले के विकासखंड सोनहत अंतर्गत ग्राम पंचायत कटगोड़ी की श्रीमती रेणुबाला जायसवाल आज इसी बदलाव की मिसाल बन चुकी हैं। रेणुबाला स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं और बाद में सत्यम महिला स्व-सहायता समूह में अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी संभाली। आर्थिक स्थिति सुधारने के उद्देश्य से उन्होंने समूह के माध्यम से बैंक से 3 लाख रुपये का ऋण प्राप्त किया और कपड़ा दुकान का व्यवसाय प्रारंभ किया। इस पहल से उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई और वे आत्मनिर्भर बनीं। रेणुबाला ने बताया कि शुरुआत में वे समूह की सदस्य के रूप में छोटे लेनदेन से जुड़ी रहीं। बाद में समूह को आरएफ राशि तथा सीआईएफ के रूप में 60 हजार रुपये प्राप्त हुए। सफल संचालन के बाद बैंक से 3 लाख रुपये का ऋण लेकर उन्होंने कपड़ा व्यवसाय को विस्तार दिया। पहले उनके परिवार की वार्षिक आय लगभग 70 हजार रुपये थी, जो अब बढ़कर 2 लाख रुपये से अधिक हो चुकी है। आर्थिक रूप से सशक्त होने के बाद उनके सामाजिक जीवन में भी सकारात्मक बदलाव आया है। पहले वे केवल गृहिणी के रूप में जिम्मेदारी निभाती थीं, लेकिन अब परिवार के हर महत्वपूर्ण निर्णय में उनकी सक्रिय भागीदारी होती है। वे परिवार के सदस्यों के साथ आसपास के हाट-बाजारों में भी कपड़े का व्यवसाय कर रही हैं। रेणुबाला अन्य ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा बन रही है।

## बजट से किसान, मजदूर और युवा निराश: शरण सिंह



**मनेन्द्रगढ़।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शरण सिंह ने छत्तीसगढ़ सरकार के बजट 2026 पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे आंकड़ों की बाजीगरी और जनविरोधी दस्तावेज बताया है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राज्य गठन के समय से अब तक बजट में लगभग 35 गुना वृद्धि होकर यह 5000 करोड़ से बढ़कर 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपयों तक पहुंच गया है लेकिन आम जनता के जीवन स्तर में अपेक्षित सुधार नजर नहीं आता। उन्होंने कहा कि अस्पताल तो बनाये गये हैं लेकिन डॉक्टरों की कमी बनी हुई है। कॉलेज खुले हैं पर प्रोफेसरों के पद खाली हैं। सैकड़ों स्कूल बंद हो गये जबकि शराब दुकानों की संख्या में वृद्धि हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार शिक्षित राज्य बनाने के बजाय प्रदेश को शराबी राज्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। शरण सिंह ने कहा कि बजट में किसानों को केवल लॉलीपॉप दिया गया है। बीज, उर्वरक और कीटनाशकों की बढ़ती कीमतों पर कोई ठोस अनुदान या राहत नहीं दी गई। 60 वर्ष से अधिक आयु के वयोवृद्ध किसानों के लिये पेंशन का कोई प्रावधान नहीं किया गया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, मितानिन, स्कूल सफाई कर्मचारी, रोजगार सहायकों के वेतनवृद्धि और उन्हें शासकीय कर्मचारी घोषित करने की मांग को भी अनदेखा बताया। अनियमित एवं संविदा कर्मचारियों, स्कूल और महाविद्यालयों के अतिथि प्राध्यापकों के नियमितीकरण पर भी कोई निर्णय नहीं लिया गया। नियमित कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों के निराकरण के लिये भी बजट में कोई स्पष्ट घोषणा नहीं की गई। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है लेकिन नई भर्तियों की कोई घोषणा नहीं की गई। सैकड़ों गांव अब भी मुख्य मार्गों से नहीं जुड़े हैं जबकि सरकार फोरलेन, सिक्स लेन, फ्लाईओवर, रेल कॉरिडोर और हवाई सेवाओं के सपने दिखा रही है।

## विवादित फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग

**मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर।** सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश की जिला इकाई एमसीबी ने एक विवादित फिल्म के विरोध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए उसके प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग की है। समाज के पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा संबंधित अधिकारियों को संबोधित करते हुए आपत्ति दर्ज कराई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि फिल्म निर्माता अंकित भडाना और संदीप तोमर द्वारा यादव जी की लव स्टोरी नामक फिल्म 27 फरवरी 2026 को रिलीज की जा रही है। समाज का आरोप है कि फिल्म में एक यादव युवती और मुस्लिम युवक के काल्पनिक प्रेम प्रसंग को दर्शाया गया है जिससे यादव समाज की बहन-बेटियों के सम्मान को ठेस पहुंचने की बात कही गई है। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि फिल्म का शीर्षक और कथानक समाज की भावनाओं को आहत कर रहा है।

### छत्तीसगढ़ बजट पर कांग्रेस का हमला

## पूनम सिंह बोलीं युवाओं और महिलाओं की उम्मीदों पर फेरा पानी



**मनेन्द्रगढ़।** छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा प्रस्तुत राज्य बजट को लेकर राजनीतिक प्रतिक्रियाओं का दौर जारी है। पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ. विनय शंकर सिंह के बाद अब युवा कांग्रेस नेत्री पूनम सिंह ने भी बजट पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। उन्होंने बजट को जनविरोधी और दिशाहीन बताते हुए कहा कि इसमें युवाओं, महिलाओं और बेरोजगारों के लिये कोई ठोस रोडमैप नजर नहीं आता। पूनम सिंह ने जारी बयान में कहा कि प्रदेश के लाखों युवा रोजगार की प्रतीक्षा में हैं लेकिन बजट में ना तो बड़े पैमाने पर भर्ती की स्पष्ट घोषणा की गई है और ना ही स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिये प्रभावी प्रावधान किये गये हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल आंकड़ों और घोषणाओं के सहारे बजट को उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत कर रही है जबकि जमीनी स्तर पर युवाओं को निराशा हाथ लगी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन और स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने के लिये भी पर्याप्त बजट आवंटन दिखाई नहीं देता। महंगाई की मार झेल रही गृहिणियों को राहत देने के लिये भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। युवा कांग्रेस नेत्री ने किसानों के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि समर्थन मूल्य, सिंचाई विस्तार और कृषि ऋण से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिये स्पष्ट और दीर्घकालिक नीति की आवश्यकता थी जो इस बजट में नजर नहीं आती। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिये भी अपेक्षित प्रावधानों का अभाव बताया। पूनम सिंह ने कहा कि यह बजट आम जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में असफल रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि युवाओं और महिलाओं की मांगों की अनदेखी की गई तो कांग्रेस चरणबद्ध आंदोलन करेगी और जनता के मुद्दों को लेकर सड़कों पर उतरेगी। उन्होंने अंत में कहा कि प्रदेश की जनता अब घोषणाओं से नहीं बल्कि जमीनी बदलाव से संतुष्ट होगी और सरकार को वास्तविक विकास की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे।

## बजट से राज्य की शैक्षिक आधारभूत संरचना को मिलेगा बल

**मनेन्द्रगढ़।** छत्तीसगढ़ के बजट 2026-27 में सर्वाधिक 22,360 करोड़ स्कूल शिक्षा विभाग को आवंटित करने पर वरिष्ठ शिक्षाविद सतीश उपाध्याय ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग के बजट को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की सहायता हेतु युवाओं के लिए 33 करोड़ रुपए का बजट से नीट, क्लैट, एवं जे ई ई जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं से अपने भविष्य के लिए प्रयासरत युवाओं को एमबीबीएस एवं विश्वविद्यालय में कानून की पढ़ाई एवं इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश के लिए रास्ता और आसान हो जाएगा।

## पुलिस ने राज्य स्तरीय नशे के सौदागर को किया गिरफ्तार

**एमसीबी/ चिरमिरी।** चिरमिरी पुलिस ने नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्यवाही करते हुए राज्य स्तरीय नशीले इंजेक्शन के मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर की गई है।

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा और पुलिस अधीक्षक एमसीबी रत्ना सिंह के मार्गदर्शन में जिलेभर में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक और नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी दीपिका मिंज के निर्देशन में थाना प्रभारी विजय सिंह ने विशेष टीम गठित की। 07 अक्टूबर 2025 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अल्ताफ और किशन रजक को नशीले इंजेक्शन बेचते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ और बयान के आधार पर विवेचना करते हुए शुभम यादव को पकड़ा गया। आगे की जांच में मुख्य पैडलर रसल एक्का निवासी नमना कला अंबिकापुर का नाम सामने आया जो पूरे सरगुजा संभाग में नशीले इंजेक्शन की सप्लाई करता था। रसल एक्का के विरुद्ध अंबिकापुर में दो और मनेन्द्रगढ़ में एक अपराध पूर्व से पंजीबद्ध है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। सर्विलांस के आधार पर उसका लोकेशन ट्रैक करते हुए पुलिस टीम हैदराबाद तक पहुंची। आरोपी बार-बार अपना ठिकाना बदल रहा था लेकिन पुलिस द्वारा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उसे रायपुर से गिरफ्तार कर चिरमिरी लाया गया। पूछताछ में आरोपी ने हैदराबाद से नेटवर्क संचालित करते हुए नशीले इंजेक्शन की सप्लाई करना स्वीकार किया। उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर रिमांड पर भेज दिया गया है। आरोपी द्वारा अन्य पैडलरों के नाम भी बताये गये हैं जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास लगातार जारी हैं। इस पूरी कार्यवाही में थाना प्रभारी विजय सिंह, उप निरीक्षक नईम खान, साइबर सेल से प्रधान आरक्षक पुष्कल सिन्हा, चंद्रसेन राजपूत एवं सैनिक प्रमोद साहू का सराहनीय योगदान रहा। थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि नशे के विरुद्ध चिरमिरी पुलिस की सख्त कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी और किसी भी नशे के कारोबारियों को बख्शा नहीं जायेगा।



## मानसिक स्वास्थ्य व बाल रोगों पर जागरूकता अभियान, लोगों को मिलेगी जानकारी

**कोरिया बैकुंठपुर।** आमजन तक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संदेश प्रभावी ढंग से पहुंचाने के उद्देश्य से फरवरी माह में कोरिया जिले के पटना स्थित छिदिया चौक में एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम (फोक मिड-मीडिया एक्टिविटीज) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य, बच्चों में हृदय रोग, बाल मधुमेह (टाइप-1 डायबिटीज) तथा सिकल सेल रोग जैसे गंभीर विषयों पर समुदाय में व्यापक जागरूकता बढ़ाना था।

यह आयोजन स्वास्थ्य विभाग, छत्तीसगढ़ एवं (एमसीसीआर) के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में यूनिसेफ के स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. गजेंद्र सिंह, एमसीसीआर से परियोजना निर्देशक डी. श्याम कुमार, डॉ. श्वेताभ त्रिपाठी, सुरभि शुक्ला एवं उनकी टीम विशेष रूप से उपस्थित रही। विशेषज्ञों ने बताया कि वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली, तनाव और जागरूकता की कमी के कारण मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। वहीं बच्चों में हृदय रोग, टाइप-1 डायबिटीज और सिकल सेल जैसी बीमारियां भी गंभीर चिंता का विषय हैं, जिनकी समय पर पहचान और उपचार अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोक कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में लोकगीत, संगीत और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी संदेशों को सरल, रोचक और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। लोकमाध्यम के जरिए जटिल विषयों को आम भाषा में समझाया गया, जिससे हर आयु वर्ग के लोग आसानी से जुड़ सके। मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, बच्चों में असामान्य लक्षणों की पहचान, नियमित जांच की आवश्यकता और संतुलित आहार व जीवनशैली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थल पर किए जाने से बड़ी संख्या में यात्री और स्थानीय नागरिक स्वत: ही कार्यक्रम से जुड़ते गए।



लोगों ने रुचि लेकर प्रस्तुतियों को देखा और स्वास्थ्य विशेषज्ञों से सीधे संवाद भी किया। इस दौरान जागरूकता संबंधी पोस्टर और सूचना सामग्री का वितरण किया गया, ताकि उपस्थित लोग इन महत्वपूर्ण जानकारियों को अपने परिवार और समुदाय तक पहुंचा सकें। आयोजकों का कहना है कि सांस्कृतिक माध्यम से दी गई जानकारी समाज पर गहरा प्रभाव छोड़ती है, क्योंकि यह लोगों के भावनात्मक और सामाजिक पक्ष को सीधे स्पर्श करती है। फोक मीडिया गतिविधियां न केवल संदेश को मनोरंजक बनाती हैं, बल्कि उसे स्मरणीय भी बनाती हैं। इसी उद्देश्य से इस अभियान का द्वितीय चरण 25 तारीख को विकासखंड पटना और सोनहत में आयोजित किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक ग्रामीण और शहरी आबादी तक स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता पहुंचाई जा सके। स्वास्थ्य विभाग और सहयोगी संस्थाओं का यह प्रयास जनसामान्य में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक व्यवहार विकसित करने की दिशा में एक सार्थक पहल माना जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने भी इस प्रकार के कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि समाज में जागरूकता और सतर्कता का स्तर निरंतर बढ़ता रहे।

## जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 27 को

**कोरिया।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जानकारी दि है कि जिला पंचायत की सामान्य सभा की 27 फरवरी को दोपहर 1.00 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आहूत की गई है। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य सौभाग्यवती सिंह कुसरो, संगीता सोनवानी, राजेश कुमार, गीता राजवाड़े, सुरेश सिंह, शिवकुमारी, सुषमा कोराम, स्नेहलता उदय गोंड़ और जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर एवं सोनहत के अध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है। बैठक में विभागीय योजनाओं के प्रगति एवं क्रियान्वयन व अध्यक्ष के अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा की जायेगी।

## जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों व स्वच्छता कर्मियों का हुआ सम्मान

### कोरिया मे जनसेवा दिवस के रूप में मनाया गया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जन्मदिवस, भाजपा और कई संगठनों की कोशिश

**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिवस को भारतीय जनता युवा मोर्चा, जिला कोरिया द्वारा सेवा, सम्मान और सामाजिक सरोकार के भाव के साथ प्रभावशाली रूप में मनाया गया। यह आयोजन केवल औपचारिक बधाइयों तक सीमित न रहकर जनसेवा के संकल्प में परिवर्तित हुआ। जिलेभर में जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों, स्वच्छता कर्मियों और समाज के विभिन्न वर्गों के सम्मान के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जन्मदिवस को जनसेवा दिवस के रूप में मनाने की इस पहल ने संगठन की सामाजिक प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया। युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने इसे समाज के प्रति आभार और उत्तरदायित्व व्यक्त करने का अवसर बताया। यह आयोजन भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरीहा के मार्गदर्शन एवं भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के निर्देश पर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष सतेंद्र राजवाड़े ने किया। जिला कोरिया के सोनहत, बैकुंठपुर, चरचा, पटना, कुड़ेली, बचरा पोड़ी और सलका सहित कुल 7 मंडलों में 'हितग्राही सम्मान समारोह' आयोजित किए गए। प्रत्येक मंडल में स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में आम नागरिकों की सहभागिता ने इसे



जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से सीधा संवाद स्थापित किया गया। उन्हें पुष्पगुच्छ, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं मिष्ठान भेंट कर सम्मानित किया गया। विशेष रूप से स्वच्छता कर्मियों का सम्मान कर उनके योगदान को सार्वजनिक रूप से सराहा गया। युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए आमजन को सरकारी योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर हितग्राहियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और शासन की योजनाओं से हुए सकारात्मक बदलाव को बताया। कार्यक्रम संवाद, सम्मान और सहभागिता का सशक्त मंच बनकर उभरा। सोनहत मंडल में मंडल अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े, भाजपा जिला मंत्री ईश्वर राजवाड़े, जपं अध्यक्ष आशा देवी, युवा मोर्चा जिला महामंत्री मनोज साहू, भाजपा मंडल महामंत्री सुरेश राजवाड़े,मंडल अध्यक्ष दिलीप राजवाड़े, दिलीप यादव, संजय राजवाड़े, टिकेश्वर रामु, जपं सदस्य आलेश्वरी चिराग सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। चरचा मंडल से भाजयुमो जिला महामंत्री साक्षी सिंह राजपूत उपाध्यक्ष आदित्य जायसवाल मंडल उपाध्यक्ष उर्मिला सिंह राजेश सिंह नगर पालिका उपाध्यक्ष अरुण कुमार जायसवाल नगर पालिका अध्यक्ष युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राम दुबे कमलेश शिल्पा शर्मा सीमरन श्रीवास काजल मोदी बैकुंठपुर मंडल-, लल्ला यादव, अभिनेद्र सिंह चंदेल, भुनेश्वर राजवाड़े, रवि त्रिपाठी सलका मंडल-, राकेश खाखा, शक्ति साहू, तेज प्रताप सिंह,पटना मंडल-, जय राजवाड़े, प्रवेन्द्र सिंह, संदीप राजवाड़े, कपिल कुशवाहा,अरुण राज, संतोष देवागन बचरा पोड़ी मंडल-, शुभम जायसवाल,प्यारे सिंह,अभिषेक जायसवाल, कुडेली मंडल-, मनोज यादव, संतोष यादव, भगवान यादव, प्रदीप पटेल, राहुल विश्वकर्मा, सहित पुरे कार्यक्रमों में युवा मोर्चा के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही। पूरे जिले में आयोजित इन कार्यक्रमों ने संगठन की एकजुटता और जनसमर्थन का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस प्रकार मुख्यमंत्री के जन्मदिवस को जनसेवा, सम्मान और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रतीक के रूप में मनाते हुए भाजयुमो जिला कोरिया ने संगठनात्मक सक्रियता और सामाजिक प्रतिबद्धता का सशक्त संदेश दिया।

## हैंडपंप मरम्मत से चिरईपानी में लौटा स्वच्छ पेयजल, ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत

**एमसीबी।** जिले के मनेन्द्रगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चिरईपानी के ग्राम चिरईपानी में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किए गए हैंडपंप मरम्मत कार्य से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है और लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या का समाधान हो गया है। बीते कुछ समय से हैंडपंप से गंदा एवं दूषित पानी निकलने की शिकायतें लगातार सामने आ रही थीं, जिससे ग्रामीणों को पीने के पानी के साथ-साथ दैनिक उपयोग के लिए भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने त्वरित कार्रवाई की और तकनीकी टीम को मौके पर भेजकर हैंडपंप एवं जल स्त्रोत की विस्तृत जांच कराई गई।

निरीक्षण के दौरान हैंडपंप में तकनीकी खराबी एवं जल स्त्रोत में गंदगी की स्थिति पाई गई, जिसके बाद विभाग द्वारा तत्काल आवश्यक मरम्मत कार्य कराया गया। मरम्मत के साथ-साथ जल स्त्रोत की पूरी साफ-सफाई की गई और पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए परीक्षण भी कराया गया, ताकि ग्रामीणों को सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। विभागीय प्रयासों के परिणामस्वरूप अब हैंडपंप से साफ पानी निकल रहा है और गांव में पेयजल की स्थिति सामान्य हो गई है। हैंडपंप मरम्मत के बाद गांव में संतोष और खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि समय पर की गई इस कार्रवाई से उन्हें न केवल शुद्ध पानी मिला है बल्कि जल जनित बीमारियों की आशंका भी कम हुई है। ग्रामीणों ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग की सक्रियता और संवेदनशीलता से उनकी लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान हुआ है। समय पर की गई हैंडपंप मरम्मत से जल स्त्रोत की गुणवत्ता बहाल हुई है और यह कार्य स्वच्छ जल, स्वस्थ जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ है।

### कुदमुरा वन परिक्षेत्र से वापस लौटा दंतैल



**कोरबा।** वन परिक्षेत्र कुदमुरा में अचानक धमके दंतैल हाथी की बीती रात वापसी हो गई। दंतैल हाथी क्षेत्र में तीन दिनों तक विचरण करने के बाद आधी रात को मूवमेंट किया और जंगल ही जंगल होते हुए वापस धरमजयगढ़ चला गया। दंतैल के लौटने से वन विभाग ने राहत की सांस ली है। उधर, कटघोरा वनमंडल के जटगा रेंज में हाथी समस्या लगातार बनी हुई है। यहां के पहाड़ पर 48 की संख्या में हाथी काफी दिनों से डेरा डाले हुए हैं और पहाड़ को अपना बसेरा बना लिया है। हाथियों को पहाड़ पर स्थित जंगल में पर्याप्त चारा व पानी मिलने के कारण नीचे उतरने का नाम नहीं ले रहे हैं। दिन भर यहां विश्राम करते हैं और रात में अलग-अलग झुंडों में बंटकर हाथी विचरण करने के बाद सुबह होने से पहले एक स्थान पर एकत्रित होते हैं, तत्पश्चात् विश्राम करने लगते हैं। यह सिलसिला काफी दिनों से जारी है।

### गेवरा, दीपका और कुसमुंडा क्षेत्र में तीन कंपनियां कर रही हैं श्रमिकों का शोषण

# श्रम कानून हाशिए पर, एसईसीएल में एचपीसी दर पर मजदूरों को भुगतान नहीं

**कोरबा।** एसईसीएल की गेवरा, दीपका और कुसमुंडा खदानों में मेंटेनेंस कार्य को लेकर बड़ा वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक्सवेशन कार्य में लगे डंपर, डोजर और शॉवेल मशीनों के रखरखाव में कार्यरत मजदूरों को एचपीसी (हाई पावर कमेटी) की निर्धारित दर पर भुगतान नहीं किया जा रहा, जिससे करोड़ों रुपए के घोटाले की आशंका जताई जा रही है।

हमारे संवाददाता ने बताया कि खदानों में मेंटेनेंस कार्य के लिए जारी वर्क ऑर्डर के तहत तीन बड़ी कंपनियां जेमको, पी एंड एच और एल एंड टी नियोजित हैं। आरोप है कि इन कंपनियों को ठेकेदारों के माध्यम से टीम लीज पर श्रमिक उपलब्ध कराए जाते हैं, लेकिन सुरक्षा और प्रशासनिक प्रक्रिया की आड़ में मजदूरों को आधी दर से भुगतान किया जा रहा है।

यहां बताना जरूरी होगा कि कुछ दिनों पहले बीएमएस ट्रेड यूनियन ने इस विषय में प्रबंधन को पत्र लिखकर मजदूरों के बकाया वेतन भुगतान की मांग की थी। मजदूरों ने भी भुगतान में गड़बड़ी की शिकायत अधिकरियो से की थी। मजदूरों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर 2 माह का वेतन नहीं मिलने बात कही। इस मामले में जब एसईसीएल गेवरा के स्टाफ ऑफिसर से संपर्क किया गया, तो उन्होंने बताया कि वे इस समय चार्ज पर नहीं है उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह मामला करोड़ों रुपए के भुगतान में अनियमितता से जुड़ा हो सकता है।



#### कार्यकुशलता की शर्तें लेकिन अकुशल के हिसाब से भुगतान

मेंटेनेंस कार्य में लगे श्रमिक तकनीकी रूप से स्किल्ड वर्कर हैं, लेकिन उन्हें अनस्किल्ड श्रमिक की दर से मजदूरी दी जा रही है। इतना ही नहीं, बोनस और अवकाश (लीव) का भुगतान भी निर्धारित मापदंडों के अनुरूप नहीं किया जा रहा। केंद्रीय दर के बजाय राज्य सरकार की दर से भुगतान किए जाने की भी शिकायत है। सूत्रों का दावा है कि कई मामलों में मजदूरों के नाम पर भुगतान निकालकर कंपनी स्टाफ के नाम से राशि प्राप्त कर ली जाती है। इस पूरे मामले में 500 से अधिक मजदूर प्रभावित बताए जा रहे हैं, जिन्हें न तो पूरा मेहनताना मिल रहा है और न ही निर्धारित सुविधाएं।

#### वेतन खाते में लेकिन लौटानी पड़ती है बड़ी राशि

श्रमिकों के कल्याण को लेकर सरकारों की भूमिका योजनाएं बनाने, दावे करने और कुछ हद तक योजनाओं का क्रियान्वयन कराने की है। अधिकांश मामलों में श्रमिक कल्याण के दावे जमीन पर उतरने के बजाय कागजों तक ही सीमित हैं। कोरबा जिले में एसईसीएल के साथ-साथ एनटीपीसी और सीएसईबी में मामला कमोबेश एक जैसा है। जानकार सूत्रों का कहना है कि औपचारिकताएं पूरी करने के लिए अधिकांश ठेकेदार मजदूरी का भुगतान निश्चित तौर पर श्रमिकों के खाते में करते हैं ताकि खुद को ईमानदार साबित किया जा सके। लेकिन यह काम शर्तों पर होता है। श्रमिकों को इसका एक निश्चित हिस्सा ठेकेदार या उसके व्यक्ति को शीघ्रता से लौटाना होता है ताकि सेवाएं जिंदा रह सके।

## दफ्तर में बाबू बने शिक्षकों को लौटना होगा स्कूल

**कोरबा।** वर्षों से ब्लैकबोर्ड और चॉक से दूर कई दफ्तरों में पदस्थ होकर केवल फाईलों के निपटारे में लगे और इसके एवज में मलाई खा रहे मूल शिक्षकों को उनके मूल स्कूल में भेजने की एक बार फिर कवायद शुरू हुई है।

छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में गिरते शैक्षणिक स्तर और शिक्षकों की कमी को गंभीरता से लेते हुए लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने प्रदेश के सभी संयुक्त संचालकों और जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया है कि गैर-शैक्षणिक कार्यों में संलग्न सभी शिक्षकों और कर्मचारियों का संलग्नीकरण तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाए। डीपीआई द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि बड़ी संख्या में शिक्षक अपनी मूल पदस्थापना वाली शालाओं को छोड़कर विभिन्न कार्यालयों और संस्थाओं में बाबूगीरी या अन्य गैर-शिक्षकीय कार्यों में लगे हुए हैं। इससे न केवल प्रशासनिक अनुशासन बिगड़ रहा है, बल्कि स्कूलों में विद्यार्थियों का अध्यापन कार्य भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। आदेश के तहत अब ऐसे सभी शिक्षकों को उनकी मूल शालाओं में वापस भेजकर वहां उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी। इस बार प्रशासन केवल आदेश जारी करके शांत नहीं बैठा है। डीपीआई ने सभी संबंधित अधिकारियों को 7 दिन के भीतर संलग्नीकरण समाप्त करने का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी शिक्षक कागजों पर कार्यमुक्त होकर दोबारा पिछले दरवाजे से उसी दफ्तर में न लौट आए। यह आदेश 28 फरवरी 2024 को राज्य शासन द्वारा जारी उन निर्देशों की कड़ी में है, जिसमें कलेक्टरों और कमिश्नरों को भी स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। यह पहली बार नहीं है जब शिक्षकों को वापस भेजने का आदेश जारी हुआ है। जानकारों का कहना है कि पूर्व में भी ऐसे आदेश निकले, लेकिन राजनैतिक रसूख या प्रशासनिक सांठगांठ के चलते शिक्षक कुछ दिनों बाद फिर से दफ्तरों में लौट आते हैं। [illegible] का आदेश उपरांत सबकी नजरें जिला शिक्षा अधिकारियों पर टिकी हैं कि वे अपने चहेते कर्मचारियों को मूल स्कूलों में भेजने के लिए कितनी सख्ती दिखाते हैं।

## महंगा पड़ रहा मॉडिफाई साइलेंसर का शौक, जिले भर में कार्रवाई



**कोरबा।** ऑटोमोबाइल कंपनियों के द्वारा निर्धारित मापदंडों के साथ लगाए जाने वाले सामानों में मनमाने तरीके से परिवर्तन को अवैध किया गया है। इस वजह से जनता को आवागमन के दौरान होने वाली समस्याओं पर पुलिस की नजर है। कोरबा जिले में मॉडिफाई साइलेंसर सहित ओवरलोडिंग और दूसरे कारण से प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

कोरबा शहरी क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस ने पुराने बस स्टैंड से हसदेव लेफ्ट बैंक कैनाल पुल, ट्रांसपोर्ट नगर चौक से लेकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस और कोसाबॉडी तक ऐसे मामलों में कार्रवाई की। इस थेरे ए काफी संख्या में ऐसी स्पोर्ट्स बाइक और बुलेट में मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग करने के साथ नियम से खिलवाड़ हो रहा था और लोगों की मुश्किलें बढ़ाई जा रही थी। पुलिस की टीम ने यहां पर घेराबंदी करते हुए ऐसी गाड़ियों को पकड़ा और उन्हें जप्त कर लिया। मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत इनमें करवाई की गई यह मामले सीधे कोर्ट में पेश किए जा रहे हैं। बताया गया कि पूरे जिले भर में इस तरह का अभियान पुलिस ने शुरू किया है। इसका उद्देश्य चालकों की मनमानी को रोकना और उन्हें नियम पालन के प्रति गंभीर करना है। इस अभियान को सतत रूप से चलाया जाना है। इसके जरिए वाहन चालकों को जिम्मेदार बनना है ताकि उनकी हरकतों से किसी को परेशान ना होना पड़े।

## क्रासिंग पर जाम, पूरी गर्मी भर परेशान होंगे लोग



**कोरबा।** कोरबा में रेलवे क्रॉसिंग पर कोयला लोड मालगाड़ियों के बारंबार आवागमन और इस वजह से यहां पर जाम लगने की समस्या के कारण लोगों की परेशानी पहले से ही कायम है। गर्मी के मौसम में यह लोगों के लिए और ज्यादा तकलीफदेह हो रही है। किसी प्रकार के विकल्प नहीं अपने से इस पूरी गर्मी भर लोगों को फिर मुश्किलों से 2-4 होना पड़ेगा।

बीते वर्षों में इस समस्या से लोगों को उबारने के लिए लगातार पहल की गई हर बार आश्वासन मिले लेकिन हुआ कुछ नहीं। यह बात और है कि एक बार फिर राज्य सरकार ने 16 करोड रुपए अकेले चार स्थान पर ओवरब्रिज बनाने के सर्वेक्षण के लिए मंजूर किया है। इससे पहले भी इस प्रकार के सर्वे के नाम पर बड़ी राशि खर्च हो चुकी है और एक बार फिर ऐसा ही कुछ होने वाला है। जनता भी जानती है कि ऐसा करने से कुछ नहीं होता है। इधर गर्मी का सीजन शुरू होने के साथ रेलवे क्रॉसिंग पर जाम लगने और काफी समय तक खड़े रहने से लोगों को कुल मिलाकर मुश्किलें झेलने के लिए अभ्यस्त होना पड़ रहा है। ऊपर से व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए ट्रैफिक की टीम को मशक्कत करनी पड़ती है, सो अलग। गाड़ियों के पार होने के साथ आगे जल्दी निकलने की होड़ में पूरी व्यवस्था गड़बड़ हो जाती है। इधर बाकी जा रही है कि गर्मी और बरसात के दिनों में लोगों को राहत देने के क्रॉसिंग के दोनों तरफ शेड की व्यवस्था कराई जाए ताकि लोगों को कुछ तो राहत हो।

### स्टॉक नहीं पहुंचने से दुकानों में तकरार

**कोरबा।** सिविल सप्लाइज कार्पोरेशन के द्वारा शहरी क्षेत्र की राशन दुकानों में चावल और अन्य वस्तुओं का कोटा जारी न करने से समस्याएं अभी भी बनी है। कलेक्टर ने हाल में ही समीक्षा बैठक के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों को व्यवस्था ठीक करने और निगरानी करने के निर्देश दिए थे। फौरी तौर पर आंशिक मात्रा में खाद्यान्न की उपलब्धता कॉर्पोरेशन की ओर से कराई गई जो ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। हालात ऐसे हैं कि लोगों की लंबी लाइन राशन का इंतजार करती हैं और फिर वस्तुस्थिति की जानकारी न होने पर दुकानदारों के साथ बेमतलब बहस करने पर उतारू होती है।

*कोरबा। जिले में रेत खदानों के आसपास प्रशासन ने जानकारी सार्वजनिक की है।

### शेड निर्माण किए जाने का स्वागत

**कोरबा।** टीपी नगर स्थित सतनाम प्रांगण में शेड लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। जिसका सतनाम कल्याण समिति ने स्वागत किया है। प्रदेश के मंत्री लखन देवांगन के द्वारा यहां पर शेड निर्माण की घोषणा की गई थी। सतनाम समिति के पूर्व पदाधिकारी व वर्तमान कार्यकारिणी के द्वारा भी लगातार शेड निर्माण को लेकर प्रयास किए जा रहे थे। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद इसका समिति के जिलाध्यक्ष नारायण कुर्रे, सचिव आरडी भारद्वाज, वरूण धृतलहरे, सचिन कुर्रे सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है।

### कई मुद्दों पर होगी चर्चा

**कोरबा।** आज बरेठ समाज की बैठक पोड़ीबहार में आयोजित की गई है। जिलाध्यक्ष एनएल बरेठ ने बताया कि चुनाव के बाद कार्यकारिणी की यह पहली बैठक है। समाज को आगे बढ़ाने के लिए विचार-विमर्श किया जाएगा। इकाई कार्यकारिणी के अलावा सभी पदाधिकारियों को यहां बुलाया गया है। पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष कर्ष व मिलापराम भी अपनी राय व्यक्त करेंगे। युवक-युवती परिचय सम्मेलन के अलावा अनेकों कार्यक्रम आयोजित होते रहे हैं।

### सामान्य सभा 2 को

**कोरबा।** छुरी नगर पंचायत सामान्य सभा की बैठक 2 मार्च को आयोजित की गई है। जिसमें नगर पंचायत की अध्यक्ष पद्मिनी देवांगन व उपाध्यक्ष हीरानंद पंजवानी के अलावा अन्य सदस्य मौजूद रहेंगे। पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। कई कार्य अभी भी लंबित हैं। लगातार उन मांगों को पूरा करने की मांग की जा रही है।

## पत्रकार सुरक्षा कानून के लिए हो रही कोशिश



**कोरबा।** पत्रकार सुरक्षा सेवा समिति का राज्य स्तरीय सम्मेलन रायपुर के वृंदावन सभागार में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद वर्मा, महासचिव अरविंद दुबे, प्रदेश अध्यक्ष नवीन राजपूत, संरक्षक अवध किशोर मिश्रा अतिथि थे। समिति के कोरबा जिला अध्यक्ष शारदा शंकर पांडेय सहित अन्य जिलों की पदाधिकारी और सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया और अपनी बात रखी।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद वर्मा ने बताया कि देश के 17 राज्यों में हमने सुरक्षा कानून को लेकर सरकार के अधिकारियों को ज्ञापन दिए हैं और 14 बिंदुओं पर तथ्यों के साथ अपनी बात रखी है। पत्रकारों को सामाजिक सुरक्षा के साथ कार्यक्षेत्र में उत्तरदायित्व का निर्वहन करने के दौरान पेश आने वाली समस्याओं की जानकारी दी गई है। बेमतलब के पचड़ों से बचने के लिए उन्हें सुरक्षा दिए जाने की आवश्यकता है। छत्तीसगढ़ में भी इस तरफ काम हो रहा है। प्रदेश अध्यक्ष नवीन राजपूत ने मौके पर अपने विचार रखें और एकता की बात कही। कार्यक्रम का संचालन मोनिका कुशवाहा ने किया।

### शाखकर्तन व अग्नि सुरक्षा पर नोनबिर्रा में हुई कार्यशाला



**कोरबा।** वन परिक्षेत्र करतला अंतर्गत नोनबिर्रा में 25 फरवरी को तेंदूपत्ता शाखकर्तन प्रशिक्षण एवं अग्नि सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें जिला वनोपज यूनियन कोरबा के पदाधिकारियों के अलावा वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएस कंवर थे, जिन्होंने तेंदूपत्ता संग्रहण, शाखकर्तन एवं अग्नि सुरक्षा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

## ग्रहण पर बरतें सावधानी

**कोरबा।** खगोलीय और धार्मिक दृष्टि से साल 2026 का पहला चंद्रग्रहण 3 मार्च को लगने जा रहा है। यह ग्रहण भारत में दृश्यमान होगा, जिसके कारण यहाँ सूतक काल के नियम और परंपराएं पूरी तरह प्रभावी रहेंगी। ज्योतिषियों के अनुसार, ग्रहण की अवधि सामान्य समय से भिन्न होती है क्योंकि इस दौरान ब्रह्मांडीय ऊर्जा में नकारात्मकता का संचार बढ़ जाता है। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं के लिए यह समय अत्यंत संवेदनशील माना जाता है, क्योंकि ऐसी मान्यता है कि ग्रहण का सीधा प्रभाव गर्भ में पल रहे शिशु के स्वास्थ्य और विकास पर पड़ सकता है।

## पंपहाउस श्रमिक क्लब का वार्षिकोत्सव आयोजित

**कोरबा।** कल एसईसीएल कोरबा पूर्व स्थित पंपहाउस श्रमिक क्लब का वार्षिक उत्सव आयोजित किया गया। इसमें अतिथि के रूप में स्टाफ अधिकारी शैलेंद्र परासर उपस्थित थे। कोयला कामगारों को पारितोषिक वितरण भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकारी अध्यक्ष विजय महंत, सचिव गिरवर राठौर, कोषाध्यक्ष डीपी लहरे ने सहयोग प्रदान किया। पंपहाउस श्रमिक क्लब काफी लंबे समय से संचालित है। विवाह कार्यक्रम के अलावा अन्य कार्यक्रम भी इस क्लब में होते हैं। क्लब संचालन समिति के द्वारा कोयला कामगारों को सदस्य बनाकर वे उन्हें साल में एक बार पारितोषिक वितरण करते हैं। कल आयोजित कार्यक्रम के दौरान जेसीसी सदस्य दिलीप सिंह, बीआर सुमन, राजेश पांडे, एनके साव, डीपी लहरे, संतोष टंडन, राजेंद्र यादव, दादूलाल राठौर, दूजराम मिलन, अजय सिंह, दिनेश साहू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। पंपहाउस श्रमिक क्लब का पारितोषिक वितरण के बाद अब सीआरसी क्लब में भी सामान का वितरण होगा। जिसकी तैयारी में एनके साव, राजेंद्र यादव, सेद कुमार लगे हुए हैं। जेआरसी क्लब का संचालन भी सचिव मनोज कटेरिहा के द्वारा अच्छे ढंग से किया जा रहा है। यहां भी सदस्यों को प्रत्येक वर्ष सामान का वितरण होता है।


मकान बेचना है

जय भोले

टी.पी.नगर कोरबा में डबल स्टोरी मकान 2400 स्क्वायर फीट प्लाट में निर्मित है, बेचना है।

संपर्क करें

प्रापर्टी डीलर

62681-46606


## कोरबा पॉवर लिमिटेड के विस्तार से लोगों को मिलेगा रोजगार

**कोरबा।** कोरबा-चांपा मार्ग में स्थापित और संचालित अडाणी समूह की कोरबा पॉवर लिमिटेड की विस्तार परियोजना अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ ही रोजगार का सृजन करेगी। तीसरे चरण के तहत 1600 मेगावाट क्षमता वाली इकाइयां स्थापित करने 27 फरवरी को पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जनसुनवाई आयोजित की गयी हैं।

उल्लेखनीय हैं की लैंको अमरकंटक पॉवर लिमिटेड का अधिग्रहण करने के बाद इसका नाम कोरबा पॉवर लिमिटेड किया गया। अडाणी पॉवर लिमिटेड ने न केवल अटके पड़े दूसरे फेज के कार्य में गति लाई, बल्कि तीसरे चरण की इकाइयां प्रस्तावित की। कोरबा जिले के ग्राम पताढ़ी स्थित कोरबा पॉवर लिमिटेड की वर्तमान क्षमता 600 मेगावाट की है। विस्तार परियोजना के तहत दूसरे चरण का कार्य तेजी से चल रहा है। इसके तहत 660 मेगावाट क्षमता वाली दो इकाई (3 एवं 4 नंबर) स्थापित की जाने की योजना हैं। 3 नंबर इकाई की कमिशनिंग मार्च 2026 में की जानी थी, लेकिन इसमें कुछ विलंब बताया जा रहा हैं। बताया गया है कि अब 3 नंबर यूनिट की कमिशनिंग संभवत: अप्रैल-मई में होगी। इसके बाद 4 नंबर यूनिट की कमिशनिंग की जाएगी। दूसरी ओर अधिग्रहण के साथ ही अडाणी पॉवर लिमिटेड ने तीसरे फेज की तैयारी भी शुरू कर दी। तीसरे फेज में कोरबा पॉवर लिमिटेड परिसर में 800 मेगावाट क्षमता वाली 4 एवं 5 नंबर इकाई स्थापित करने की योजना हैं। दोनों इकाइयां अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल तकनीक पर आधारित होगी। तीसरा चरण पूरा होने के बाद कोरबा पॉवर लिमिटेड की विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़कर 3520 मेगावाट हो जाएगी। तीसरे चरण की यूनिट्स स्थापित करने के लिए कंपनी को भूमि की आवश्यकता नहीं है। कंपनी के पास 505.58 हेक्टेयर भूमि मौजूद है। इसमें ही 5 एवं 6 नंबर इकाई स्थापित होगी। तीसरे चरण की विस्तार परियोजना की अनुमानित लागत 16,611 करोड़ रुपए है। कंपनी के अनुसार निर्माण चरण में 230 स्थायी एवं 5368 संविदा सहित कुल 5598 लोगों को रोजगार मिलगा। जबकि संचालन चरण 270 स्थायी एवं 2000 संविदा कर्मी नियोजित रहेंगे। दूसरी विस्तार परियोजना से जिले और राज्य का राजस्व बढ़ेगा और अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। बताया गया है कि 1600 मेगावाट क्षमता वाली 6 एवं 7 नंबर इकाई स्थापित करने की भी योजना है।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com